1·07 विज्ञान शिक्षा के लिए अनुदेश सामग्री केन्द्र :—प्रतिवेदन वर्ष में विज्ञान शिक्षा के अनुदेश सामग्री केन्द्र ने स्कूल विज्ञान ज्ञान को एकत्रित करने और प्रचार करने का कार्य जारी रखा । इस केन्द्र द्वारा किए गए कार्यों का वर्णन निम्नलिखित हैं :—

1. प्रदर्शित सामग्री को अच्छा और भावपूर्ण बनाने के लिए उसका पुनः गठन ।
2. जर्मन लोकतांत्रिक गणराज्य से विज्ञान सामग्री और अध्यापन सहायताओं की प्राप्ति ।
3. राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान कैम्पस, भुवनेश्वर, बालभवन और राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, नई दिल्ली में विज्ञान प्रदर्शनियों का आयोजन, और
4. भुवनेश्वर में विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन के अवसर पर पुस्तिकाओं की तैयारी ।

केन्द्र ने इस वर्ष विज्ञान पत्रिकाएँ और दूसरी सेकेंड्री विज्ञान सामग्रियाँ 24 अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों से विनिमय आधार पर प्राप्त कीं। इस वर्ष राज्यों के अध्यापक शिक्षकों, स्कूल निरीक्षकों, वैज्ञानिक पर्यवेक्षकों, वैज्ञानिक परामर्शदाताओं, विशिष्ट व्यक्तियों और विदेशी विद्वानों द्वारा केन्द्र का निरीक्षण हुआ। राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के विज्ञान शिक्षा विभाग में प्राथमिक विज्ञान केन्द्र की स्थापना की ओर प्रगति हुई है। किट के उपकरण के आधार पर कार्यकलापों के प्रदर्शन के साथ प्राथमिक विज्ञान अनुदेश सामग्री के विकास की विभिन्न अवस्थाओं और तात्कालिक उपकरणों को केन्द्र में प्रदर्शित किया गया है।

1·08 आनुषंगिक पाठ्यक्रम परियोजना :—प्राथमिक विज्ञान के शिक्षण और तत्वज्ञान के नए प्रयास को समझाने के लिए इस परियोजना के अन्तर्गत अंग्रेजी में "साइन्स इज डूइंग" फिल्म तैयार की गई। यूनेस्को-यूनीसेफ सहायता प्राप्त अभियान परियोजा के अंतर्गत राज्यों को वितरित करने के लिए हिन्दी में फिल्म तैयार की गई जिनका प्रयोग अध्यापक प्रशिक्षण स्कूलों में होगा। प्राथमिक विज्ञान पर दूसरी फिल्म "रांक्स, स्वावेल्स उ'ड मिनिरेल्स" का खाका तैयार किया गया और उस पर विचार विमर्श किया गया। तीसरी फिल्म "टीचिंग ऑफ एलीमेन्ट्री फिजिक्स टुडे" की शूटिंग का पांडुलेख लगभग तैयार हो गया था। इस फिल्म का उद्देश्य मिडिल स्कूल स्तर पर नए शैक्षणिक प्रौद्योगिकी की प्रभावता पर प्रकाश डालना है।

प्रतिवेदन वर्ष में प्राथमिक विज्ञान शिक्षण और भौतिकी शिक्षण पर दो स्लाइडें तैयार की गईं और उनकी प्रतियाँ समस्त देश में लगभग 100 अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं को भेजा गया। मिडिल स्कूल स्तर के हर वर्ष के लिए विज्ञान के प्रत्येक विषय पर दो फिल्म स्ड्रिपें और 20 स्लाइडें तैयार करने के कार्यक्रम की योजना बनाई गई। मिडिल स्कूल भौतिकी और जीव विज्ञान पर बनाई गई 20 और 30 स्लाइडों के लिए एक शूटिंग पांडुलेख तैयार किया गया।

भौतिकी में द्रव्य के दबाव पर बनाई जाने वाली फिल्मस्ट्रिप लगभग पूरी हो चुकी थी और गणित फिल्मस्ट्रिप बनाने का कार्य चालू हो गया था। मिडिल स्कूल भौतिकी की फिल्मस्ट्रिप "स्ट्रक्चर ऑफ मैटर" का शूटिंग पांडुलेख तैयार किया गया।

कक्षा तीन और चार के लिए बनाए गए पाठ्य पुस्तक मूल्यांकन पुस्तिका की प्रतिलिपियाँ तैयार करके राज्यों को वहाँ के निरीक्षकों के स्कूल निरीक्षण के समय प्रयोग करने के लिए भेज दी गयीं। इसी प्रकार की पुस्तिकाएँ कक्षा 6 की भौतिकी और जीव विज्ञान और कक्षा 8 की भौतिकी और रसायन विज्ञान के लिए तैयार की गईं। सचित्र किट गाइड्स भी तैयार की गईं और उनकी मिम्योग्राफ प्रतियाँ विज्ञान शिक्षण की यूनेस्को-यूनीसेफ सहायता प्राप्त अभियान परियोजना के अंतर्गत प्रयोगात्मक स्कूलों को भेजी गईं। फरवरी 1973 में मनाई जाने वाली

कापरनिकसर शताब्दी के लिए 'कापरनिकस' पर एक पुस्तिका बनाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया है।

2. सामाजिक विज्ञान तथा मानविकी

2·01 सामाजिक अध्ययन :—अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए सामाजिक अध्ययन की एक विस्तृत हस्तपुस्तिका को अंतिम रूप दिया गया। इसकी पांडुलिपि प्रेस भेजने के लिए तैयार थी। उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के लिए सामाजिक अध्ययन की पाठ्यपुस्तक के दूसरे भाग के तैयार करने के कार्य में प्रगति हुई। कक्षा 1 से 12 तक के लिए सामाजिक अध्ययन के लिए पाठ्यक्रम प्रारूप को संशोधित किया गया। परिषद् ने आई० आई० टी० कानपुर के प्रयोगात्मक स्कूल के सहयोग से सामाजिक अध्ययन कक्षा एक से पाँच तक की अभ्यास पुस्तिकाएँ तैयार कीं।

2·02 इतिहास :—वर्तमान में उच्चतर माध्यमिक स्तर पर विश्व इतिहास विषय को पढ़ाए जाने की प्रवृत्ति नजर आ रही है। बहुधा इस पाठ्यक्रम के गठन का कोई तार्किक आधार नहीं होता है। इस विषय के शिक्षण के उचित ऐतिहासिक संदर्श को निश्चित करने के लिए परिषद् ने 1971-72 में विश्व इतिहास पर एक परियोजना का आयोजना किया। इस परियोजना का उद्देश्य विश्व इतिहास पाठ्यक्रम का उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं के लिए गठन करना है। इसके लिए अध्ययन योजना और विषयसूची के विभिन्न एककों का विशेष तार्किक ढंग से विस्तार में कार्य होता है। इस पाठ्यक्रम को लखनऊ में आयोजित अखिल भारतीय कर्मशाला में तैयार किया गया और अंतिम रूप दिया गया। एक वर्किंग ग्रुप द्वारा मिडिल स्तर के इतिहास के अध्यापकों के लिए एक हस्तपुस्तिका का खाका तैयार किया गया। इस वर्किंग ग्रुप ने इस हस्तपुस्तिका के कुछ अध्यायों को विचार विमर्श के बाद अंतिम रूप दिया। कक्षा 8 के लिए इतिहास की पाठ्यपुस्तक 'आधुनिक भारत' को तैयार और मुद्रित किया गया। सेकेंड्री स्तर पर इतिहास शिक्षण में विद्यार्थियों के भाग लेने पर हुए एक अखिल भारतीय सेमिनार की अनुवर्ती कार्य. वाही के अनुसार एक पुस्तिका तैयार करने का कार्य इस वर्ष भी चालू रहा। इस पुस्तिका की पांडुलिपि जल्दी ही प्रेस को भेज देने की सम्भावना है। सेकेंड्री स्कूलों के इतिहास के अध्यापकों के लिए तैयार की गई हस्तपुस्तिका के कुछ अध्यायों का अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद किया गया।

2·03 नागरिक शास्त्र :—उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं के लिए नागरिक शास्त्र के पाठ्यक्रम को नवम्बर 1971 में हुई एक कर्मशाला में विकसित किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के सामाजिक विज्ञान तथा मानविकी विभाग द्वारा तैयार किए गए पाठ्यक्रम प्रारूप को एक समीक्षा के सामने अंतिम रूप देने के लिए रखा गया। पांडुलिपि को जल्दी ही प्रेस भेजने की संभावना है। नागरिक शास्त्र विषय के अनुभवी व्यक्तियों की एक समीक्षा दल ने जून-जुलाई 1971 में हुई एक

बैठक में कक्षा 8 की नागरिक शास्त्र की पाठ्यपुस्तक 'स्वतंत्र भारत' की पांडुलिपि की समीक्षा की। समीक्षा दल की रिपोर्ट के आधार पर इस पांडुलिपि को राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के सामाजिक विज्ञान तथा मानविकी विभाग में अंतिम रूप दिया गया। इस पांडुलिपि को बाद में छपने के लिए भेज दिया गया। इस पुस्तक के साथ ही मिडिल स्कूल स्तर की नागरिक शास्त्र की पाठ्यपुस्तकों के तैयार करने का कार्य पूरा हो गया।

2·04 **भूगोल** :—कक्षा 8 की भूगोल पाठ्यपुस्तक 'यूरोप और भारत' के हिन्दी और अंग्रेजी अनुवाद की पांडुलिपियाँ गत वर्ष ही तैयार कर ली गई थीं। प्रतिवेदन में इसके चित्र बनाने और छापने का कार्य पूरा कर लिया गया। इस पुस्तक का हिन्दी अनुवाद अगस्त 1971 में छप गया। अंग्रेजी संस्करण का कार्य अंतिम चरण पर था और उसके जल्दी मुद्रित हो जाने की सम्भावना थी।

2·05 **अर्थशास्त्र** :—नवम्बर 1971 में आयोजित एक कर्मशाला में सेकेंड्री स्कूलों के लिए एक अर्थशास्त्र अध्यापक दर्शिका की सामग्री विकसित की गई और उसको अंतिम रूप दिया गया।

2·06 **मातृ भाषा** :—उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं की हिन्दी गद्य और पद्य की नई पाठ्यपुस्तकों (काव्य भारती और गद्य भारती) के अंतिम प्रारूप को तैयार किया गया और अब उनकी पांडुलिपि प्रेस के लिए तैयार है। सामाजिक विज्ञान तथा मानविकी विभाग द्वारा तैयार की गई हिन्दी की नई प्रवेशिका टिप्पणी के लिए पाठ्यपुस्तक विभाग को भेज दी गई। टिप्पणियाँ प्राप्त हो गई हैं और उनका अध्ययन किया जा रहा है।

2·07 **दूसरी भाषाएँ** :—द्वितीय भाषा के रूप में बँगला भाषा की प्रथम पाठ्यपुस्तक की प्रेस पांडुलिपि और चित्र तैयार किए गए। पुस्तक को छपने के लिए भेज दिया गया।

2·08 **संस्कृत** :—संस्कृत की पहली पाठ्यपुस्तक तैयार करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। इस श्रृंखला की पहली और दूसरी पाठ्यपुस्कों के 1972-73 में तैयार होने की संभावना है।

2·09 **प्राथमिक स्तर में राष्ट्रीय पाठ्यक्रम मानकों का विकास** :—प्रतिवेदन वर्ष में निम्नलिखित पूरक पठन पांडुलिपियों को अंतिम रूप दिया गया और परिषद् के प्रकाशन एकक को छपने के लिये भेज दिया गया है :

1. गिरिराज हिमालय
2. पीप्स थ्रू दि मिलैनियम
3. वन सम्पत्ति

2·10 स्कूल शिक्षा के लिए समन्वित पाठ्यक्रम योजना :—प्रतिवेदन वर्ष में सारे स्कूल स्तर के लिए सामान्य शिक्षा का समन्वित पाठ्यक्रम तैयार किया गया। इस योजना में स्कूल शिक्षा के प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल स्तर की अध्ययन योजना, विभिन्न विषयों के पढ़ाने का समय, हिन्दी अध्ययन का प्रथम और दूसरी भाषा के रूप में विस्तृत पाठ्यक्रम, सामाजिक अध्ययन, इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, स्वास्थ्य और शारीरिक शिक्षा तथा जनसंख्या शिक्षा सम्मिलित है।

2·11 अनुदेशीय सामग्री की तैयारी :—1971-72 में इतिहास और भूगोल की 24 पुस्तिकाओं की पांडुलिपियों को अंतिम रूप दिया गया। इस वर्ष इन दो विषयों की 6 पुस्तिकाओं को तैयार किया गया और छपने भेजा गया।

2·12 भाषाओं के शिक्षण को सुधारने के लिये विधियों और सामग्रियों के विकसित करने की योजना का एन० सी० ई० आर० टी० से मैसूर के भारतीय भाषाओं के केन्द्रीय संस्थान को हस्तांतरण :—केन्द्रीय शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय के मई 28, 1971 के पत्र संख्या एफ० 8-17/71 एल०/2 द्वारा लिए गए फैसले के अनुसार भाषाओं के शिक्षण को सुधारने के लिए विधियों और सामग्रियों के विकसित करने की योजना को एन० सी० ई० आर० टी० से मैसूर के भारतीय भाषाओं के केन्द्रीय संस्थान (सी० आई० आई० एल०) को हस्तांतरित कर दिया गया। चूँकि 1971-72 में योजना को कार्यान्वित करने के लिए निधि परिषद् के बजट में है, इसलिए यह फैसला किया गया कि सी० आई० आई० एल० का निदेशक उन परियोजनाओं के कार्यान्वयन के नियंत्रण का कार्य तुरन्त ग्रहण कर लेगा जिनको कि एन० सी० ई० आर० टी० ने केन्द्रीय अंग्रेजी संस्थान, हैदराबाद और डेकन कालेज, पूना और अन्नामलाई विश्वविद्यालय के भाषाओं में उच्च अध्ययन के केन्द्रों को सुपुर्द किया है। सी० आई० आई० एल० के निदेशक की सिफारिशों पर एन० सी० ई० आर० टी० इन संस्थाओं को 1971-72 में परियोजना के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक निधि देगा। परिषद् सी० आई० आई० एल० के निदेशक को परियोजनाओं के निरीक्षण में आवश्यक निजी सहायता देने को सहमत हो गई है। वर्ष 1972-73 से इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक निधि की व्यवस्था सी० आई० आई० एल०, मैसूर के बजट में कर दी जायेगी।

(3) प्राथमिक स्तर में राष्ट्रीय पाठ्यक्रम मानकों का विकास

प्राथमिक शिक्षा स्तर के लिए न्यूनतम पाठ्यक्रम मानकों को विकसित करने की परियोजना पाठ्यक्रम योजना क्षेत्र में एक नई परियोजना है। इसका उद्देश्य प्रत्येक स्कूल जाने वाले छात्र के लिये अपेक्षित शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर न्यूनतम ध्येयों की प्राप्ति के सम्बन्ध में राष्ट्रीय सर्वसम्मति के लिए वातावरण उत्पन्न करना है। प्रतिवेदन वर्ष में प्राथमिक स्तर पर प्राप्त शिक्षण परिणामों के

आंकड़े एक अखिल भारतीय कर्मशाला में तैयार किए गए जिसमें राज्य शिक्षा विभागों के प्रतिनिधियों और राज्य शिक्षा संस्थानों के इस क्षेत्र के गैर सरकारी विशेषज्ञों ने भाग लिया। प्राप्त शिक्षण परिणामों की पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए और जाँच-पड़ताल की जाएगी।

(4) कार्य अनुभव पाठ्यक्रम

परिषद् द्वारा कार्य-अनुभव में विकसित पाठ्यक्रम को 1971-72 में हैदराबाद शहर और जिले के 30 चुने हुए स्कूलों में आजमाया गया। इन स्कूलों के अध्यापकों को कार्य-अनुभव पाठ्यक्रम में अनुस्थापित किया गया और कार्यक्रम को चलाने के लिये उपकरण भी उपलब्ध किए गए।

(5) शिक्षण सहायक साधन

पिछले कुछ वर्षों से पूर्ण विद्यालय स्तर पर शिक्षा में शिक्षण उपकरणों के उपयोगों को प्रोत्साहन देने के लिए कार्यक्रम पर राष्ट्रीय परिषद् कार्य करती रही। इसमें अल्प व्यय तकनीकें जैसे फलैनल ग्राफ किट, ग्राफिक किट आदि शामिल है, जो विद्यालय अवस्था में अत्यंत उपयोगी होते हैं। इसके अतिरिक्त, बड़ी मात्रा में विविध स्कूल विषयों की फिल्म स्ट्रिपें, चार्ट्स रेखाचित्र, और अन्य संबंधित सामग्री का निर्माण किया गया। प्रतिवेदन वर्ष में निम्नलिखित किट सामग्रियों का उत्पादन किया गया।

फिल्में

"साइंस इज डूइंग" पर एक फिल्म तयार की गई जिसके 100 प्रिंट्स तैयार किए गए। इस फिल्म को हिन्दी में भी डब किया गया।

"टीचिंग ऑफ एलीमेंटरी फिजिक्स टुडे" का उपचार पांडुलेख तैयार किया गया और संशोधित किया गया।

बच्चों की फिल्म "सुनो कथा श्री राम की" के चार प्रिन्ट्स तैयार किए गए और विदेश मंत्रालय को भेजे गए।

फिल्म स्ट्रिपें

निम्नलिखित फिल्म स्ट्रिपें तैयार की गई :—

1. जम्मू और कश्मीर
2. रोड सेफ्टी
3. थ्री डी टीचिंग एड्स इन प्लास्टर ऑफ पेरिस

4. डिपार्टमेंट ऑफ टीचिंग ऐड्स

राष्ट्रीय आपातस्थिति पर पोस्टर

राष्ट्रीय आपातस्थिति के दौरान निम्नलिखित पोस्टर तैयार किए गए, छापे गए और दिल्ली की शैक्षिक संस्थाओं को बाँटे गए :—

1. डोनेट ब्लड
2. नया देश बँगला देश
3. राष्ट्रीय एकता
4. "घूस खोरी" इज ए सोशल क्राइम
5. सोचो

आवर इंडिया पर अध्ययन किट :—"आवर इंडिया" अध्ययन किट का संशोधित संस्करण तैयार किया गया।

प्राचीन भारत पर इतिहास पैकेज :—प्रतिवेदन वर्ष में प्राचीन भारत पर इतिहास पैकेज बनाने के कार्य को समाप्त करने की दिशा में प्रगति हुई है।

परिशिष्ट 7

राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज योजना

विज्ञान प्रतिभा खोज की 1971 की परीक्षा में लगभग 1000 प्रत्याशी साक्षात्करण के लिए सफल हुए। साक्षात्कारण के आधार पर 359 प्रत्याशी अंतिम रूप से छात्रवृत्तियों के लिए चुने गए। 1968 से 1971 तक छात्रवृत्ति पाने वाले प्रत्याशियों की संख्या का राज्यानुसार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

विज्ञान प्रतिभा खोज की 1972 की परीक्षा सारे देश में 350 केन्द्रों में आयोजित की गई और इसमें लगभग 7,200 प्रत्याशियों ने भाग लिया। इस परीक्षा के लिए दी जाने वाली छात्रवृत्तियों का फैसला 1972 में इन्टरव्यू के बाद होगा।

अवर स्नातक स्तर के प्रत्याशियों के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों में चार सप्ताह की अवधि के 19 ग्रीष्मकालीन स्कूलों की योजना तैयार की गई जिनमें से मई-जून 1971 में 18 ग्रीष्मकालीन स्कूलों का विभिन्न विश्वविद्यालय केन्द्रों में आयोजन हो सका। स्नातकोत्तर प्रत्याशियों को उनके ग्रीष्मकालीन कार्यक्रमों के लिए 25 राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और उच्च शिक्षा के संस्थानों में भेजा गया। अमरीका और इंग्लैंड से 15 प्रतिभाशाली छात्रों के दल ने सितम्बर 1971 में इस देश का दौरा किया। इनके लिए राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज योजना के दिल्ली स्थित प्रत्याशियों से मिलने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अनुबंध

1968 से 1971 तक राष्ट्रीय विज्ञान-प्रतिभा खोज छात्रवृत्तियाँ पाने वाले प्रत्याशियों की संख्या का राज्यानुसार विवरण

राज्य क्षेत्र का नाम	प्रदान की गई छात्रवृत्तियों की संख्या			
	1968	1969	1970	1971
1. आंध्र प्रदेश	4	11	3	11
2. असम	4	5	—	3
3. बिहार	7	14	6	8
4. गुजरात	4	7	3	6
5. हरियाणा	—	1	—	—
6. जम्मू तथा कश्मीर	—	—	1	—
7. केरल	32	11	13	10
8. मध्य प्रदेश	9	10	8	15
9. महाराष्ट्र	30	35	36	51
10. मैसूर	30	5	12	15
11. नागालैंड	—	—	—	—
12. उड़ीसा	3	2	2	10
13. पंजाब	3	2	6	2
14. राजस्थान	9	8	20	4
15. तमिलनाडु	16	21	28	32
16. उत्तर प्रदेश	46	25	15	24
17. पश्चिम बंगाल	55	77	54	72
18. अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह	—	—	—	—
19. चंडीगढ़	1	—	2	—
20. दिल्ली	100	124	149	93

21. गोवा	—	—	—	—
22. हिमाचल प्रदेश	1	1	1	—
23. लक्कादीव, मिनीकाय तथा अमीन दिवी द्वीप समूह	—	—	—	—
24. मणिपुर	1	—	—	—
25. नेफा	—	—	—	—
26. पांडिचेरी	—	—	—	—
27. त्रिपुरा	—	—	—	—
जोड़	355 (5)	359 (10)	359 (11)	359 (11)

नोट :—कोष्ठक में दी गई संख्या गणित के अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति पाए छात्रों की संख्या प्रदर्शित करती है।

परिशिष्ट 8

शिक्षा तथा राष्ट्रीय एकीकरण परियोजना समाज कल्याण मंत्रालय ने परिषद् को विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्कूल के छात्रों में राष्ट्रीय एकीकरण को प्रोत्साहित करने का कार्य सौंपा। परिषद् ने प्रतिवेदन वर्ष में राष्ट्रीय एकीकरण परियोजना के अंतर्गत जो प्रमुख कार्यक्रम प्रारम्भ किए वे निम्नलिखित हैं :—

(क) छात्रों तथा अध्यापकों के लिए अन्तर्राज्यीय शिविरों का आयोजन करना तथा अध्यापकों और मुख्याधापकों के लिए अलग से शिविरों का आयोजन करना।

(ख) चुने हुए स्कूलों में "हमारा भारत परियोजना" शुरू करना, और

(ग) छात्रों तथा अध्यापकों के लिए विषय से संबंधित उपयुक्त सामग्री तैयार करना।

(क) अन्तर्राज्यीय शिविरों का आयोजन

मई-जून 1971 में छात्र-अध्यापक के सात अंतर्राज्यीय शिविर श्रीनगर, पूना, त्रिवन्दरम, दार्जिलिंग, छम्ब, नेतरहाट और माउंट आबू में आयोजित किए गए। नवम्बर-दिसम्बर 1971 और जनवरी 1972 में दस शिविरों के आयोजन की योजना बनाई गई थी परन्तु राष्ट्रीय आपातकालीन स्थिति के कारण केवल दो शिविर भटिंडा और कानपुर में आयोजित किए गए। इन दोनों शिविरों में पाँच राज्यों से छात्र और अध्यापक आमन्त्रित किए गए।

अब तक लगभग सभी राज्य इस योजना में भाग ले चुके हैं और प्रत्येक राज्य के बारह से अधिक स्कूलों ने अन्तर्राज्यीय छात्र-अध्यापक शिविरों में भाग लिया है।

प्रत्येक शिविर को आयोजित करने से पूर्व राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान कैम्पस में शिविर निदेशकों तथा आयोजकों के लिए दो दिन की अनुस्थापना बैठक की व्यवस्था की गई।

छात्रों तथा अध्यापकों के शिविरों में जो कार्यक्रम किए गए उनमें शिविर में आए अन्य साथियों की भाषाएँ सीखना, वार्ताएँ, विचार-विमर्श और वाद-विवाद, प्रदर्शनियाँ, परिभ्रमण और यात्राएँ, शारीरिक स्वास्थ्य तथा सुरक्षा की प्रोन्नति के लिए कार्यक्रम सांस्कृतिक तथा मनोरंजक कार्यक्रम आदि सम्मिलित थे।

मई-जून 1971 में बड़ौदा और कोयम्बतूर में दो अन्तर्राज्यीय शिविर केवल अध्यापकों के लिए आयोजित किए गए। लगभग सभी राज्यों के अध्यापकों ने इन शिविरों में भाग लिया। इन अध्यापक शिविरों के कार्यकलापों में 'अपना राज्य जानो' परियोजना, इस विषय से संबंधित अनुदेशन सामग्री की तैयारी, विशेषज्ञों द्वारा छात्रों में राष्ट्रीय एकीकरण की भावना को बढ़ाने में अध्यापकों के कर्तव्य, सामाजिक अध्ययन द्वारा राष्ट्रीय एकीकरण, भूगोल और सृजनशील नाट्यों द्वारा राष्ट्रीय एकीकरण जैसे विषयों पर वक्तव्य सम्मिलित है।

एक शिविर लखनऊ में नवम्बर 1971 में केवल स्कूलों के मुख्याध्यापकों के लिए आयोजित किया गया। असम और जम्मू तथा कश्मीर राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों के 71 मुख्याध्यापकों ने इस शिविर में भाग लिया। प्रसिद्ध वक्ताओं को शिविरकों सेविचार-विमर्श के लिए आमन्त्रित किया गया। शिविरकों को 6 दलों में विभक्त किया गया। प्रत्येक दल निम्नलिखित विषयों में से एक से संबंधित था।

(1) पाठ्यक्रम

(2) पाठ्यक्रम कार्यकलाप

(3) विचार विनिमय द्वारा ज्ञान

(4) स्कूल और समाज

(5) हमारा भारत प्रदर्शनी

(6) समन्वय

इन दलों द्वारा तैयार सामग्री से एक हस्तपुस्तिका तैयार की गई जिसका प्रयोग स्कूलों में राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ाने के लिए आयोजित कार्यकलापों के मार्गदर्शन के लिए किया जा सकता है। इस हस्तपुस्तिका की सामग्री ठीक की जा रही है और छपवाने की योजना है। शिविर में आए मुख्याध्यापक अपने साथ अपने-अपने राज्य की विशेषताओं से संबंधित सामग्री लाए। इस सामग्री का शिविर में प्रदर्शन किया गया।

(ख) 'हमारा भारत परियोजन'

'हमारा भारत परियोजन' की योजना शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्कूल के बच्चों में राष्ट्रीय एकीकरण को प्रोत्साहित करने के समस्त कार्यक्रम का

एक अभिन्न अंग है । इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों को विभिन्नताओं में एकता समझना है जो हमारे भारत का विशिष्ट लक्षण है । इस परियोजना के निम्नलिखित उद्देश्य हैं :—

(1) छात्रों तथा अध्यापकों के अन्तर्राज्यीय शिविरों में प्राप्त उपलब्धियों तथा अनुभवों को कार्यान्वित करना,

(2) प्रत्येक स्कूल में छात्रों तथा अध्यापकों के अन्तर्राज्यीय शिविरों के कार्य को अनुसरण करना, और

(3) छात्रों में राष्ट्रीय दृष्टिकोण का विकास करने के लिए शिविरों में भाग लेने वाले सभी स्कूलों को परियोजना में शामिल करके छात्रों तथा अध्यापकों के अन्तर्राज्यीय शिविरों के प्रभाव-क्षेत्र का विस्तार करना ।

इस परियोजना के अंतर्गत शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय छटे हुए 100 स्कूलों को 1000 रुपए प्रति स्कूल की दर से अनुदान देती है ।

स्कूलों द्वारा इस परियोजना के अन्तर्गत जो कार्यकलाप किए जाते हैं वह हैं निबंध, पाठांतर, वाक्पटुता और वाद-विवाद प्रतियोगताएँ, हस्तलिखित पत्रिकाओं का प्रकाशन जिनमें छात्र रचित लेख हों, राज्यों के ऐतिहासिक, भूगोलिक, सांस्कृतिक और आर्थिक पहलुओं पर किए जा रहे अध्ययन पर आधारित चार्ट्स, माडेल, नकशे, ग्राफ इत्यादि बनाना ।

(ग) छात्रों तथा अध्यापकों के लिए अनुदेशन सामग्री तैयार करना :—

परियोजना के इस पहलू के अंतर्गत छात्रों तथा अध्यापकों, दोनों के लिए उपयोगी सामग्री प्रकाशित करने का विचार है । प्रतिवेदन वर्ष में उच्चतर माध्यमिक स्तर पर भूगोल शिक्षण के अध्यापकों के लिए एक हस्तपुस्तिका 'ज्योग्राफी एंड नेशनल इंटीग्रेशन' तैयार की जा रही थी । भारत की विभिन्न भाषाओं के बहुत से राष्ट्रीय एकीकरण के गीतों को एकत्र करके पुस्तक के रूप में संग्रह किया गया । 'आवर नेशनल सांग' नामक पुस्तक को राष्ट्रीय एकीकरण परियोजना की स्क्रीनिंग समिति के समक्ष रखी जानी थी । 12 से 14 वर्ष की आयु वर्ग के छात्रों के लाभ के लिए एक पूरकपठन रीडर 'भारत को प्रकृति के उपहार' निर्माणाधीन थी । राष्ट्रीय एकीकरण पर एक सामान्य सीखने-सिखाने की युक्ति का अध्ययन किट विकसित किया जा रहा है जिसमें संबंधित नाना प्रकार की श्रव्य-दृश्य सामग्री और विषय से संबंधित साहित्य को एकत्रित किया गया है ।

परिशिष्ट 9

जनसंख्या शिक्षा

जनसंख्या की तीव्र वृद्धि हमारे जैसे विकासशील देशों के लिए चिन्ता का विषय है। उन्नति से होने वाले सारे लाभ जनसंख्या की अद्भुत वृद्धि नष्ट कर देती है। इसी लिए जनसंख्या शिक्षा को सारे विश्व में आवश्यक समझा जा रहा है।

स्कूल स्तर पर जनसंख्या शिक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए केन्द्रीय शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय ने जनसंख्या शिक्षा की नई परियोजना का कार्यभार 1969-70 में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् को सौंप दिया। परिषद् ने 1970-71 में सामाजिक विज्ञान तथा मानविकी विभाग में एक नये एकक की स्थापना की जो इस क्षेत्र के लिए विशेष कार्यक्रम तैयार करेगा और उनको कार्यान्वित करेगा।

प्रतिवेदन वर्ष में इस एकक ने स्कूल स्तर के लिए जनसंख्या शिक्षा में एक पाठ्यक्रम का प्रारूप तैयार किया और अनुदेश सामग्री तैयार करने और इन कार्य-क्रमों को राज्यों में कार्यान्वित करने का कार्य आरम्भ किया। विभिन्न राज्यों के शिक्षा निदेशकों और राज्य शिक्षा संस्थानों के निदेशकों को एकक द्वारा विकसित सामग्रियों और पाठ्यक्रमों से अवगत कराने के लिए एक भारतीय कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। स्कूल छात्र, अध्यापक प्रशिक्षक और स्कूल छोड़े हुए विद्या-र्थियों के लिए जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए इस कान्फ्रेंस ने लाभदायक सुझाव दिए। इस एकक द्वारा कहानी पुस्तकों और आहार हस्त-पुस्तिका के लिए तैयार की गई अनुदेशन सामग्री की इस वर्ष दो समीक्षा दलों की बैठकों में समीक्षा की गई। अध्यापकों के लिए जनसंख्या शिक्षा पर सेवा-पूर्व और सेवा-कालीन प्रशिक्षण के लिए पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए एक वर्कशाप का आयोजन किया गया। जनसंख्या शिक्षा पर दूसरी वर्कशाप का आयोजन परिषद् ने हरियाणा सरकार के सहयोग से किया। भारत की परिवार नियोजन संस्था, कोलम्बो प्लान ब्यौरो, कोलम्बो, केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन मन्त्रालय, नई दिल्ली, भारतीय चिकित्सा संस्था, नई दिल्ली, और उदयपुर, पटना और गुड़गाँव

के राज्य शिक्षा संस्थानों इत्यादि द्वारा जनसंख्या शिक्षा और उस से संबंधित विषयों पर आयोजित कार्यक्रमों में जनसंख्या शिक्षा एकक के अफसरों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त इस एकक ने प्रतिवेदन वर्ष में निम्नलिखित साहित्य प्रकाशित किया :—

(1) रिपोर्ट ऑफ दि नेशनल सेमिनार ऑन पॉपुलेशन एजुकेशन।

(2) पॉपुलेशन एजुकेशन इन स्कूल कैरीकुल्ला

(3) रीडिंग्स इन पॉपुलेशन एजुकेशन

(4) पॉपुलेशन—ए ड्राफ्ट सिलेबस

(5) इंडियन पॉपुलेशन सिचुएशन

(6) ए बिब्लयो ग्राफी ऑन पॉपुलेशन एजुकेशन

(7) प्लग प्वांइट्स फॉर पॉपुलेशन एजुकेशन इन स्कूल कैरीकुल्ला,

(8) पॉपुलेशन एजुकेशन अंडर दि करेन्ट प्रॉबलम्स इन एजुकेशन सीरीज

जिन दो पुस्तकों की पांडुलिपियाँ प्रेस में छपने भेजी गई वे हैं :— (1) विज्ञान भवन, नई दिल्ली में अक्तूबर 1971 में आयोजित नेशनल कानफ्रेंस की रिपोर्ट, और (2) रीडिंग्स इन पॉपुलेशन एजुकेशन (द्वितीय भाग)।

परिशिष्ट 10

ग्रामीण प्रतिभा खोज योजना

शिक्षा तथा समाज कल्याण मन्त्रालय ने माध्यमिक स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति की एक योजना प्रारम्भ की है। जबकि इस योजना का प्रशासकीय दायित्व शिक्षा मन्त्रालय पर है फिर भी राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय छात्रवृत्तियाँ देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों का पता लगाने के लिए दूसरे स्तर पर परीक्षा लेने के काम में राज्यों को अकादमिक मार्गदर्शन उपलब्ध करने की जिम्मेदारी सँभालने के लिए कहा गया। परिषद् से यह भी कहा गया कि वह प्रतिभाशाली बच्चों का पता लगाने और विभिन्न राज्यों की पाठचर्या को एक दूसरे की तुलना में अधिकाधिक समरूप बनाने के लिए इस योजना के अकादमिक पक्ष का समवन्य और अनुसंधान करे। इस योजना के अधीन अकादमिक जिम्मेदारियों का निर्वाह करने के लिए परिषद् में एक विशेष एकक बनाने का प्रस्ताव है। परिषद् की कार्यकारी समिति की 10 फरवरी 1972 को हुई बैठक में इस एकक के कार्यों और विस्तार क्षेत्रों का विस्तार करने के बारे में विचार किया गया ताकि पिछड़ी जातियों के प्रतिभाशाली बच्चों को छाँटने का कार्य भी इस एकक को दिया जा सके। कार्यकारी परिषद् इस प्रस्तावित विशेष एकक की परिषद् में स्थापना और उसके कार्यों के प्रश्न पर आगे विचार करने के लिए एक उप-समिति की नियुक्ति की। इस एकक की स्थापना होने तक परिषद् ने 1971-72 में परीक्षा सुधार कार्यक्रम द्वारा प्राप्त अनुभव के आधार पर इस योजना को राज्यों में कार्यान्वित करने में मार्गदर्शन के लिए तदर्थ प्रबन्ध किया। परिषद् में प्रस्तावित एकक की स्थापना के बाद ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को ढूंढ निकालने का कार्य और तरीके और वैज्ञानिक ढंग से किया जाएगा।

परिशिष्ट 11

परीक्षा सुधार

कई वर्षों से परिषद् देश की परीक्षा प्रणाली के सुधार में जुटी हुई है। परिषद् के परीक्षा सुधार कार्यक्रम के दो मुख्य लक्ष्य हैं :

(1) छात्रों के विकास को नापने के लिए परीक्षाओं को विधिमान्य विश्वसनीय उपकरण बनाना, और

(2) सारी अध्यापन-अवबोधन विधियों को सुधारने के लिए परीक्षाओं को एक शक्तिशाली उपकरण बनाना।

परिषद् द्वारा विकसित परीक्षा सुधार के विस्तृत कार्यक्रम में जो सन्निहित है वह है लिखित परीक्षाओं से संबंधित प्रश्नों, प्रश्न-पत्रों और अंक देने की विधियों में सुधार, व्यावहारिक परीक्षाओं में विषयसूची का निर्माण और मौखिक वर्णन का समावेश। यह कार्यक्रम निरीक्षण, इन्टर्व्यू और रेटिंग स्कूलों आदि में मूल्यांकन विधियों के विस्तार की सिफारिश करता है। इसका लक्ष्य परीक्षाओं के प्रबन्ध करने के तरीकों और श्रेणी प्रमाणीकरण और वर्गीकरण के लिए परीक्षण गणना के प्रयोग के लिए ही सुधार करना नहीं है वरन् अनुदेश उपायों, शैक्षणिक भविष्यवाणी और निरीक्षण उपायों आदि से भी है। इसके परिणामस्वरूप पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकों, अनुदेश सामग्री और अनुदेश उपायों और अध्यापक प्रशिक्षण क्षेत्र में होने वाले परिवर्तनों को भी ध्यान में रखा गया है। परिषद् के परीक्षा सुधार कार्यक्रम के बहुत महत्वपूर्ण परिणाम निकले हैं जो निम्नलिखित है :

(1) पड़ोसी देशों, जैसे नेपाल, की इस कार्यक्रम में रुचि,

(2) विभिन्न राज्य स्तरीय शैक्षिक संस्थाओं द्वारा एन० सी० ई० आर० टी० के विकसित कार्यक्रम के अनुसरण में स्वेच्छिक चेष्टाएँ,

(3) विभिन्न परीक्षा बोर्डों द्वारा परीक्षा में सुधार करना

(4) कुछ विश्वविद्यालयों और राज्य शिक्षा के तकनीकी बोर्डों द्वारा एन० सी० ई० आर० टी० द्वारा विकसित सामग्री और तकनीकों का उपयोग, और

(5) इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित अनेक व्यक्तियों द्वारा शैक्षिक मूल्यांकन पर लेख तैयार करना।

राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के पुनर्गठित रूप में भी परीक्षा सुधार के कार्यक्रमों को कर्यान्वित करने के लिए उपयुक्त व्यवस्था अभी विकसित करनी है। प्रतिवेदन वर्ष में पाठ्यपुस्तक विभाग में परीक्षा सुधार पर पहले से कार्य कर रहे अफसरों ने इस क्षेत्र का भी कुछ कार्य संभाला। इस वर्ष किए गए कार्यकलाप यह थे— विभिन्न परीक्षा बोर्डों द्वारा रचित 1969-70 की सेकेंड्री परीक्षाओं के नतीजों का विश्लेषण पूरा कर लिया, 1970-71 के नतीजों के विश्लेषण का कार्य आरम्भ कर दिया है, आगे सुधारने और मजबूत करने की दृष्टि से राजस्थान की आंतरिक निर्धारण परियोजना का मूल्यांकन, विश्वविद्यालयों को पहले से भेजे विशेष और आवश्यक पाठ्यक्रम के संशोधित रूप को विकसित करने की दृष्टि से विभिन्न विश्वविद्यालयों के बी० एड० के पाठ्यक्रमों के शैक्षिक मूल्यांकन की विषय-सूची के विश्लेषण कार्य को जारी रखना, गोवा, दमन एवं दीव के शिक्षा विभाग भारतीय स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा परिषद्, राजस्थान, मैसूर और मध्य प्रदेश सेकेंड्री शिक्षा के राज्य बोर्डों के लिए मूल्यांकन कर्मशालाओं का आयोजन, और विभिन्न राज्यों में मूल्यांकन कार्यक्रमों में लगे अफसरों के लिए एक सेमिनार का आयोजन करना।

परिशिष्ट 12

यूनेस्को रजत जयंती समारोह

प्रतिवेदन वर्ष यूनेस्को के साथ सहयोग के लिए भारत राष्ट्रीय आयोग के सुझाव पर परिषद् और शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय ने यूनेस्को का पच्चीसवाँ वार्षिकोत्सव मनाया। इसके विशेष कार्यक्रम में यूनेस्को के भूतपूर्व उपमहानिदेशक और वर्तमान मद्रास इंस्टीच्यूट आफ डेव्लपमेंट स्टडीज के निदेशक, डा० मैलकाम एम० आदिशेषय्या का "यूनेस्को इन ट्वेन्टीफाइव इयर्स—ए रिटरास्पेक्ट एंड ए प्रास्पेक्ट" पर भाषण सम्मिलित है। भाषण को छपाकर उसकी प्रतियाँ विशिष्ट श्रोताओं को जिनमें यूनेस्को, यूनीसेफ, यू० एन० डी० पी०, डब्लू० एच० ओ०, एफ० ए० ओ० इत्यादि के दिल्ली स्थित अफसर, यू० एस० ए० आई० डी०, ब्रिटिश काउंसिल, केन्द्रीय शिक्षा तथा समाज कल्याण मन्त्रालय और एन० सी० ई० आर० टी० के अफसरों को बाँटी गईं। विशेष समारोह के दूसरे कार्यक्रम यह थे एन० सी० ई० आर० टी के निदेशक प्रो० एस० वी० सी० एय्या रचित "ए चिल्ड्रेन्स साइंस इनजैक्शन प्रोग्राम" पुस्तिका का मुद्रण, डा० आदिशेषय्या द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान कैम्पस में लघु पाइप का लगाना, और एन० आई० ई० कैम्पस में स्कूल अध्यापकों और छात्रों के लाभ के लिए एक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन। प्रदर्शनी में दूसरे आमन्त्रित लोगों के अतिरिक्त राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज योजना के स्थानीय प्रत्याशियों को भी आमन्त्रित किया गया। क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों और केन्द्रीय शिक्षा संस्थान में हुए समारोहों में सिम्पोजियम, वक्ताओं द्वारा भाषण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद-विवाद, लेख प्रतियोगिता, यूनेस्को के अंशदान पर शैक्षिक फिल्मों का प्रदर्शन इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

परिशिष्ट 13

व्यावसायिक शैक्षिक संगठनों को अनुदान (1971-72)

देश में बहुत से व्यावसायिक संगठन हैं जो प्रत्यक्षत: अथवा परोक्ष रूप से स्कूली शिक्षा के लिए गुणकारी कार्य करते हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् गत कई वर्षों से ऐसे संगठनों को आर्थिक सहायता देने की परियोजना, केन्द्रीय शिक्षा मन्त्रालय द्वारा प्रथम पंचवर्षीय योजना के दौरान प्रारम्भ की गई स्वयंसेवी शैक्षिक संगठनों की सहायता की योजना के आधार पर चला रही है। विभिन्न व्यावसायिक शैक्षिक संगठनों को 1971-72 के दौरान दी गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा नीचे दिया गया है :

क्रम संख्या	व्यावसायिक शैक्षिक संगठनों के नाम	स्वीकृत राशि (रुपये में)
1.	भारतीय अध्यापक-शिक्षक संघ, दिल्ली	10,000-00
2.	अखिल भारतीय विज्ञान अध्यापक संघ, लोधी स्टेट, दिल्ली	8,500-00
3.	अखिल भारतीय शैक्षिक संस्थाओं की फैड्रेशन, नई दिल्ली	3,000-00
4.	भारतीय स्कूल-पूर्व शिक्षा संघ, नई दिल्ली	4,500-00
5.	भारतीय गणित अध्यापक संघ, मद्रास	5,700-00
6.	विज्ञान शिक्षा विकास संघ, मद्रास	3,500-00
7.	भारतीय अभिभावक-अध्यापक राष्ट्रीय संघ, नई दिल्ली।	2,500-00
8.	बंग विज्ञान परिषद्, कलकत्ता	3,500-00
9.	बाल चित्र संस्थान, रवीन्द्र सरोवर, कलकत्ता	5,000-00
10.	भारतीय भूगोल अध्यापक संघ, मद्रास	4,000-00
	कुल जोड़ :	50,200-00

परिशिष्ट 14

अनुसंधान अध्ययन, अन्वेषण और सर्वेक्षण (1971-72)

प्रतिवेदन वर्ष में हस्तगत परियोजनाओं के संबंध में और प्रगति हुई थी और कुछ नए अध्ययन और सर्वेक्षण भी आरम्भ किए गए थे। इस वर्ष के दौरान पूरे हुए या आरम्भ किए गए अध्ययनों, अन्वेषणों और शैक्षिक सर्वेक्षणों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है :

(क) अध्ययन

(1) परीक्षण विकास

1·01 **सहकारी परीक्षण विकास परियोजना :** इस परियोजना का उद्देश्य दो मनोवैज्ञानिक उपकरणों को विकसित करना है—एक बुद्धि परीक्षण और दूसरा अभिरुचि। वर्ष 1971-72 में 7-16 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए समांतर आकार के अनुक्रमी बुद्धि परीक्षण सामान्य आँकड़े एकत्रित करने के लिए बंगला, तमिल और मलयाली भाषाओं में छापे गए। अभिरुचि सूची का कनिष्ठ आकार स्कूल छात्रों और श्रेष्ठ आकार कालेज छात्रों के लिए हिन्दी, मराठी और कन्नड़ भाषाओं में छात्रों और दस चुने हुए व्यावसायिक दलों के प्रयोग के लिए छापे गए। इन दोनों उपकरणों से संबंधित प्रतिमानों और सांख्यिकीय विश्लेषणों को विकसित करने के कार्य में इस वर्ष प्रगति हुई है।

1·02 **विभेदक अभिक्षमता परीक्षण माला :** गत वर्ष पूर्व-परीक्षण पुस्तिकाएँ दो राज्यों में प्रयोग के लिए भेजी गई और दो मदों का विश्लेषण आँकड़ों के आधार पर किया गया। इन परीक्षणों का सम्पादन किया गया और प्रतिमान अध्ययन के लिए अंतिम स्वरूप बनाने की दृष्टि से आवश्यकता अनुसार अनुदेशों में संशोधन किया गया। तीन उत्तर-पत्रों के ढाँचे तैयार किए गए और उनको छापा गया। नमूने के तौर पर हिन्दी-भाषी राज्यों के 240 स्कूलों को चुना गया। संबंधित राज्य अधिकारियों से राज्यों में परीक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए सम्पर्क स्थापित किया गया।

1·03 **देशनांक तथा करणी संबंधी नैदानिक परीक्षणों का विकास करना :** एन० आई० ई०-एच० ई० डब्लू० परियोजना "आल इण्डिया अचीवमैंट इन

मैथेमेटिक्स सर्वे" से पता चला है कि देशनांक तथा करणी विषय तुलनात्मक रूप से कठिन है। इसलिए ऐसा अनुभव किया गया कि बच्चों की इस विषय में कमजोरी का पता लगाने के लिए नैदानिक परीक्षणों को विकसित किया जाए। एक बार परीक्षण से किसी कमजोरी का पता लगते ही उस विषय पर और प्रभावपूर्ण अनुदेश सामग्री को विकसित करने में कोई कठिनाई नहीं होगी। प्रतिवेदन वर्ष में परीक्षण मदों को लिखने का कार्य, इस क्षेत्र में प्रारम्भिक अध्ययन पूरा करने के बाद, हाथ में लिया गया। परीक्षण मदों का परीक्षण करके अंतिम परीक्षण स्वरूप तैयार किया जाएगा। यह अंतिम परीक्षण स्कूल अध्यापकों के सामान्य प्रयोग के लिए जारी किया जाएगा।

1·04 **कक्षा 1-7 के लिए उपलब्धि परीक्षण माला का मानकीकरण :** 1971-72 वर्ष में मैसूर के क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय में कक्षा 1-7 के लिए उपलब्धि परीक्षण माला के मानकीकरण का कार्य प्रारम्भ हुआ।

1·05 **लेखा-संधारण और वाणिज्य तत्वों की निर्मित्ति और मानकीकरण :** भुवनेश्वर के क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय ने लेखा-संधारण और वाणिज्य तत्वों की निर्मिति और मानकीकरण का कार्य प्रारम्भ किया। परीक्षण के प्रारूप तैयार किए गए और पूर्वी क्षेत्र के नमूने के उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में उनका प्रयोग किया गया।

1.06 **भारत की दूसरी मानसिक मापक हस्तपुस्तिका :** भारत की पहली मानसिक हस्तपुस्तिका 1966 में प्रकाशित हुई थी। इसके अद्यतन का अनुभव करते हुए प्रतिवेदन वर्ष में इसके संशोधन की परियोजना प्रारम्भ की गई।

(2) मार्गदर्शन तथा परामर्श

2·10 **व्यवसाय अध्ययन :** इस परियोजना का उद्देश्य आठवीं तथा ग्यारहवीं कक्षाओं में व्यवसायों के शिक्षण की विभिन्न पद्धतियों का अध्ययन तथा मूल्यांकन करना है। 1971-72 में कक्षा दस के विज्ञान और वाणिज्य स्रोतों पर प्रयोगात्मक कार्य किए गए। अध्ययन के लिए प्रत्येक स्रोत के तीन खण्ड लिए गए।

(3) शिशु विकास

3.01. **2½ से 5 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के लिए प्रतिमान परियोजना का विकास :** इस परियोजना का उद्देश्य 2½ से 5 वर्ष की आयु वर्ग के भारतीय बच्चों में विकास के मानक तैयार करना है। 1971-72 में निम्नलिखित रिपोर्टें तैयार की गईं :

(1) स्कूल-पूर्व छात्रों का प्रेरक विकास; और

(2) विभिन्न वर्गीय तथा देशांतरीय ढंग से प्राप्त प्रतिमानों की तुलना ।

3·02. 5½ से 11 **वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के लिए प्रतिमान परियोजना का विकास** : इस परियोजना का उद्देश्य 5½ से 11 वर्ष की आयु के भारतीय बच्चों की शिक्षा के प्रक्रम में सुधार करने के विचार से इस आयु-वर्ग के विकास को समझना है। इस अध्ययन का लक्ष्य घर तथा स्कूल में पर्यावरणगत प्रक्रमचरों के बीच संबंधों का अन्वेषण करना तथा स्कूली उपलब्धि संज्ञानात्मक विकास और सामाजिक परिपक्वता पर इनके प्रभाव का अध्ययन करना है। इसके अलावा, उपलब्ध तथ्य सामग्री के आधार पर विकास के विभिन्न पहलुओं के लिए मानक भी तैयार किए जाएँगे। यह परियोजना बम्बई, केरल, उस्मानिया, बंगलौर और राँची विश्व-विद्यालयों के पाँच केन्द्रों और गांधी अध्ययन संस्थान, वाराणसी, के एक केन्द्र के सहयोग से प्रारम्भ की गई है। दिल्ली केन्द्र के लिए बीज-अध्ययन की एक योजना बनाई गई है। प्रतिवेदन वर्ष में इस अध्ययन के लिए आवश्यक साधन विकसित करने का कार्य किया गया। विभिन्न केन्द्रों पर हो रहे मार्गदर्शी अध्ययन या तो समाप्त हो गए थे या समाप्ति पर थे।

3·03 **स्कूल-पूर्व वर्गों में दो विधियों से शिक्षित संकल्पना निर्माण का अध्ययन** : इस अध्ययन का उद्देश्य निर्देशित अनुभवों के द्वारा तथा अन्य अनुभवों के संदर्भ में बोध प्रशिक्षण के द्वारा जो स्कूल-पूर्व शिक्षा कार्यक्रम के भाग हैं संप्रत्यय निर्माण में तुलनात्मक प्रभावशीलता और विलगन में बोध प्रशिक्षण के वैयक्तिक सामाजिक समायोजन का पता लगाना है। 1971-72 में तथ्य सामग्री का विश्लेषण करके रिपोर्ट का प्रथम प्रारूप तैयार किया गया।

4. किशोरावस्था

4·01 **किशोरों के लिए व्यक्तिगत सूची का विकास** :—1971-72 में आगे अध्ययन के लिए 10 उप-मापक्रमों में 250 मदों से युक्त किशोरों के लिए व्यक्तिगत सूची का अंतिम रूप तैयार किया गया। इसकी अनुदेशन नियम-पुस्तिका भी तैयार की गई।

4·02 **किशोरों की प्राधिकरण के प्रति अभिवृत्ति अध्ययन हेतु मापक्रम का विकास** :—प्रतिवेदन वर्ष में मदों के चुनाव का कार्य जारी रहा। ऐसी आशा की जाती है, कि मई 1972 तक स्थिति मापक्रम का अंतिम रूप सामर्थ और प्रतिमान अध्ययन के लिए तैयार हो जाने की संभावना है।

4·03 **किशोरावस्था पर सहकारी अनुसंधान** :—किशोरावस्था पर प्रबन्धों की सूची दो विश्वविद्यालयों—जामिया मिल्लिया इस्लामिया और दिल्ली विश्व-विद्यालय द्वारा तैयार की गई और वैषयिक पुस्तक सूची के रूप में दिल्ली केन्द्र ने क्रमबद्ध किया। परिषद् द्वारा सहकारी अनुसंधान परियोजनाओं के कार्य करने के

ढाँचे के संबंध में फैसला लिए जाने तक इस परियोजना का आगे का कार्य स्थगित कर दिया गया है।

5. सामाजिक मनोविज्ञान

छात्रों के अध्ययन व्यवहार में सुधार के लिए सामाजिक पुनर्बलन तकनीक का प्रयोग :—इस परियोजना का उद्देश्य छात्रों के अध्ययन की आदतों के सुधार के लिए सामाजिक पुनर्बलन तकनीक का प्रयोग करना है। 1971-72 में अध्ययन समाप्त करके रिपोर्ट का प्रारूप तैयार किया गया। इस अध्ययन के नतीजों से पता चलता है कि अध्यापक इस तकनीक का प्रयोग करके छात्रों को कृत्यों के उच्चतर स्तर प्राप्त करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

6. कार्यक्रमित अधिगम

कार्यक्रम बद्ध अधिगम के सामूहिक गतिक्रम के विरुद्ध सापेक्ष प्रभावकारिता का एक अध्ययन :—इस परियोजना का उद्देश्य उच्चतर माध्यमिक स्तर और कक्षा 7 के लिए सांख्यिकी में कार्यक्रमित इकाइयाँ विकसित करना है। इस प्रकार विकसित की गई सामग्री का प्रयोग अधिगम की विभिन्न अवस्थाओं में किया जाएगा जैसे व्यक्तिगत अधिगम, दल अधिगम जबकि दल का नियन्त्रण अध्यापक कर रहा हो, दल अधिगम जबकि दल छोटे आकार का हो और सदृश और विरुद्ध निपुणताओं पर आधारित हो और कार्यक्रमित सामग्री का प्रयोग अपने विचारानुसार करने में स्वतंत्र हों। सांख्यिकी सामग्री तीन इकाइयों में है :—

(1) तथ्य सामग्री की निश्चित अवधियों और वर्गीकरण की प्रस्तावना, (2) केन्द्रीय प्रवृत्ति के उपाय, और (3) विसर्जन के उपाय। इसमें से दो इकाइयाँ प्रतिवेदन वर्ष में प्रयोग के लिए तैयार की गई और तीसरी इकाई की प्रतिलिपियाँ तैयार की गईं। बीजगणित में पोलीनोमियल इकाई की प्रतिलिपियाँ भी तैयार की गई। इस सामग्री का दिल्ली के विशेष स्कूलों में ऊपर लिखी हुई अवस्थाओं में परीक्षण करने और सापेक्ष प्रभावकारिता का पता लगाने के लिए नतीजों का विश्लेषण करने का प्रस्ताव है।

7. प्रतिभा

प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में प्रतिभा का अभिज्ञान :—"प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में प्रतिभा का अभिज्ञान" पर एक अनुसंधान परियोजना 1964 में एन० आई० ई०-एच० ई० डब्लू० परियोजनाओं के अंतर्गत चालू की गई थी। मार्च 1967 में समाप्त हुए प्रथम चरण में प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में प्रतिभा के अभिज्ञान पर बहुत से परीक्षण विकसित किए गए। अप्रैल 1967 से मार्च 1971

तक द्वितीय चरण में विकसित प्रतिभा अभिज्ञान के परीक्षणों में संशोधन और प्रतिभा और आयु, लिंग, सामाजिक स्थिति, व्यक्तित्व और शहरी-देहाती चरों के बीच परस्पर संबंधों का अध्ययन हुआ है। ज्यादातर परीक्षणों का संशोधन समाप्त हो चुका है। इसके अतिरिक्त सर्जनात्मकता पर चार नए परीक्षण विकसित किए गए। 1971-72 में परीक्षण माला के सारे परीक्षणों को संशोधित करने का कार्य समाप्त कर लिया गया और उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के स्कूलों से प्राप्त आँकड़ों के आधार पर प्रतिभा, आयु, लिंग, व्यक्तित्व और शहरी और देहाती चरों का विशलेषण किया गया।

7·02 राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज योजना के प्रत्याशियों और अप्रत्याशियों की विशेषताओं का तुलनात्मक अध्ययन :—इस अध्ययन का उद्देश्य राष्ट्रीय विज्ञान प्रतिभा खोज योजना के प्रत्याशियों और अप्रत्याशियों की विशेषताओं की पहचान करना है। व्यक्तित्व के परिचयपूर्ण और अपरिचयपूर्ण पहलुओं को मापने के लिए परीक्षणों की माला दिल्ली के कालेजों में पढ़ रहे बी०एससी० और एम०एससी० प्रत्याशियों और अप्रत्याशियों को दी गई। परीक्षण के लिए यह उत्तर प्रदेश (लखनऊ और इलाहाबाद के कालेजों में पढ़ रहे), महाराष्ट्र (बम्बई और पूना के कालेजों में पढ़ रहे), मध्य प्रदेश (जबलपुर के कालेजों में पढ़ रहे), तमिलनाडु (मद्रास और मदुराय के कालेजों में पढ़ रहे) और मैसूर (बंगलोर के कालेजों में पढ़ रहे) के अप्रत्याशियों को भी दिए गए।

8. शिक्षा का इतिहास

8·01 मातृभाषा और शिक्षा में अवसरो की सदृश्यता :—"मातृभाषा और शिक्षा में अवसरों की सदृश्यता पर एक अनुसंधान परियोजना अप्रैल 1971 में प्रारम्भ की गई। इसका कार्य दिसम्बर 1971 में समाप्त हो गया। इस अध्ययन की रिपोर्ट को प्रेस में छपने भेज दिया गया है। इस अध्ययन में शिक्षा के विदेशी माध्यम की व्यवस्था और व्यवहार में अवसरों की सदृश्यता के आपसी संबंधों की ऐतिहासिक दृष्टि से जाँच की गई है। इस अध्ययन की मुख्य प्राप्ति यह है कि अंग्रेजी को शिक्षा का माध्यम रखने से, मुख्यतः विश्वविद्यालय स्तर पर, भारत में शैक्षिक समता के व्यवहार को काफी क्षति पहुँची है। इसलिए इस अध्ययन ने यह सुझाव दिया है कि मातृभाषा को ही प्रत्येक स्तर पर शिक्षा का माध्यम बनाया जाए।

8·02 भारतीय स्कूलों में सामाजिक अध्ययन का शिक्षण और स्वाधीनता के पश्चात् उसका विकास :—

स्कूलों की पाठ्यचर्या में सामाजिक अध्ययन की विभिन्न शाखाओं के पाठ्य-क्रम पर बदलती हुई सामाजिक, राजनीतिक परिस्थितियों के प्रभाव का मूल्यांकन

करना, इन विषयों की पाठ्यपुस्तकों का मूल्यांकन करना, इस बात पर विचार करना कि क्या इन विषयों को पढ़ाने वाले अध्यापकों के पास उचित साधन हैं और क्या उन्हें इनकी उपेक्षाओं की जानकारी देने के लिए कदम उठाए गए हैं और इस बात की जाँच करना कि क्या शैक्षिक प्रशासकों को अध्ययन की इस शाखा में परिवर्तन लाने की हाल की माँग के बारे में पता है। इन सब अध्ययनों को प्रतिवेदन वर्ष में चालू रखा गया। 1970-71 में दिल्ली के स्कूलों से एकत्र तथ्य सामग्री का विश्लेषण किया गया। इस अध्ययन को भारत के सभी राज्यों में नियत समय पर करने का प्रस्ताव है। तथ्य सामग्री को एकत्र करने के लिए राज्यों को प्रश्नावली भेज दी गई।

9. तुलनात्मक शिक्षा

9·01 माध्यमिक शिक्षा में प्रवेश और विषयों के वरण पर दबाव का एक तुलनात्मक अध्ययन :—

इस अध्ययन के मुख्य उद्देश्य हैं :—

(1) विभिन्न देशों में माध्यमिक शिक्षा में प्रवेश पर तथा स्कूल के विषयों के वरण पर डाले जाने वाले दबावों की प्रकृति का विश्लेषण करना, और

(2) व्यष्टि सफलता तथा वरण की स्वतंत्रता के परिणाम का पता लगाना। प्रतिवेदन वर्ष में देश के 12 केन्द्रों पर किए गए कार्य के आधार पर तैयार प्रबंधों का सम्पादन किया गया। अतिरिक्त सामग्री का इन लेखों में समावेश किया गया। इस अध्ययन की रिपोर्ट प्रकाशन एकक को छपने के लिए भेज दी गई। इसके अतिरिक्त नेपाल, लंका और फिलिपाइन्स से तथ्य सामग्री एकत्रित करने का कार्य प्रगति की ओर अग्रसर है।

9·02 कुछ चुने हुए देशों में भाषा संबंधी नीतियों को प्रभावित करने वाले कारकों का तुलनात्मक अध्ययन

इस अध्ययन के उद्देश्य निम्नलिखित हैं :

(1) उन विशेष साधनों का जो बहुभाषीय देशों में भाषा की नीति निर्धारित करने और उसके कार्यान्वय में निर्णायक भाग लेते हैं उनका पता लगाना और विश्लेषण करना, और

(2) विभिन्न शैक्षिक प्रणालियों के एक ही प्रकार के परिवर्तनशील सेटों के आधार पर उनकी भाषा नीतियों के संदर्भ में एक तुलनात्मक अध्ययन करना।

1971-72 में बहुभाषीय देशों में भाषा नीति को प्रभावित करने वाले कारणों का पता लगाने के लिए इस अध्ययन द्वारा एकत्र सामग्री का विश्लेषण किया गया। प्रस्तावना अध्याय के पहले प्रारूप का तैयार किया गया।

10. पाठ्यचर्या तथा मूल्यांकन

10·01 मानक हिन्दी में भाषागत विश्लेषण और ध्वन्यात्मक परिवर्तनों का विवरण

गत वर्ष ऐसे सूचकों से जो हिन्दी की एक बोली घर में मातृभाषा के रूप में और स्तरीय हिन्दी घर के बाहर समाज में समान्य प्रथम भाषा के रूप में बोलते हैं, तथ्य सामग्री वाक-नमूनों के रूप में सभी हिन्दी भाषी राज्यों और केन्द्र-शासित प्रदेशों के उन्नीस बोली क्षेत्रों से एकत्र की गई। तथ्य सामग्री के ध्वन्यात्मक अनुकरण और विश्लेषण के बाद हिन्दी के विभिन्न बोली क्षेत्रों में उपलब्ध ध्वन्यात्मक परिवर्तनों को पहचाना गया और उनका अध्ययन किया गया। परन्तु बोली जाने वाली स्तरीय हिन्दी के प्रतिमानों का पता लगाने के लिए विशेषज्ञों के एक दल की बैठक में यह फैसला किया गया कि ऐसे सूचकों को पंजीकृत किया जाए जो हिन्दी की बोली नहीं बोलते हैं और स्तरीय हिन्दी, हिन्दुस्तानी या उर्दू का मात्रभाषा के रूप में उपयोग करते हैं। इसलिए 1971-72 में तथ्य सामग्री एकत्र करने के लिए उपकरण विकसित किए गए और इलाहाबाद, आगरा और लखनऊ क्षेत्रों के स्तरीय हिन्दी, हिन्दुस्तानी और उर्दू भाषियों से आवश्यक तथ्य सामग्री एकत्रित की गई, पंजीकृत की गई और उनका विश्लेषण किया गया। इन अध्ययनों की रिपोर्ट तैयार कर ली गई है।

क्योंकि हिन्दी के उन्नीस बोली क्षेत्रों से पहले एकत्रित की गई तथ्य सामग्री में महत्व निर्दिष्ट नहीं किया गया था और 57,000 मदों को पंजीकृत किया गया था। उन सबका फिर से अध्ययन किया गया और सब मदों में महत्व को विशेष रूप से निर्दिष्ट किया गया।

10·02 भाषा संबंधी मूलभूत अनुसंधान

भाषा संबंधी मूलभूत अनुसंधान पर दूसरा राष्ट्रीय सेमिनार एक मार्च 1972 को संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, में आयोजित किया गया। दर्शनशास्त्र, व्याकरण और काव्यशास्त्र इत्यादि विभिन्न शाखाओं से संबंधित भारतीय विचार-धारा के लगभग 25 विद्वानों ने इस गोष्ठी में भाग लिया। गोष्ठी में प्रस्तुत प्रबन्धों का सम्पादन किया जा रहा है जो पुस्तक के रूप में प्रकाशित किए जाएँगे।

10·03 हिन्दी लिखने में प्रयोग की जाने वाली देवनागरी हस्तलिपि का वर्णात्मक विश्लेषण

इस परियोजना को देवनागरी हस्तलिपि प्रयोग करने वालों की हिन्दी लेखन प्रणाली का अध्ययन करने के लिए शुरू किया गया था। हिन्दी लेखन प्रणाली के

परिच्छेद, वाक्य, अनुच्छेद, वाक्यांश शब्द अक्षर स्तरों और ध्वनि वर्णनात्मक पत्र-व्यवहार का अध्ययन किया गया। इसके अतिरिक्त हिन्दी अक्षरों का रेखाचित्रों में विश्लेपण किया गया और उनके वितरण का भी उल्लेख किया गया। हिन्दी अक्षरों की संरचना, स्थान और पुंज के साथ-साथ स्थानिक हिन्दी भाषियों की हस्तलिपि पर एकत्रित सामग्री के आधार पर अक्षरों के निर्माण के क्रम और उसकी संख्या का भी अध्ययन किया गया। इस अध्ययन की रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

10·04 प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल स्तरों में मातृभाषा (हिन्दी) में बच्चों के प्रस्तुत स्तरों का अध्ययन : इस परियोजना का प्रारम्भिक कार्य 1971-72 में प्रारम्भ कर दिया गया था। यह फैसला किया गया कि सामाजिक विज्ञान तथा मानविकी विभाग और शैक्षिक मनोविज्ञान तथा शिक्षा आधार विभाग अंतर-विभागीय परियोजना के रूप में कार्य करेंगे।

10·05 स्कूल बच्चों के लिए हिन्दी में शैक्षिक शब्दावली का विकास : यह परियोजना सामाजिक विज्ञान तथा मानविकी विभाग और शैक्षिक मनोविज्ञान तथा शिक्षा आधार विभाग ने मिलकर प्रारम्भ की। बोली जाने वाली शब्दावली के संबंध में तथ्य सामग्री प्राथमिक स्कूल के बच्चों से एकत्रित की गई। तथ्य सामग्री के विश्लेषण का कार्य भी आरम्भ कर दिया गया है।

10·06 विभिन्न राज्यों के स्कूली पाठ्यक्रम में विश्व इतिहास के स्थान का एक अध्ययन : 1971-72 में विभिन्न राज्यों के स्कूल पाठ्यक्रम में विश्व इतिहास के स्थान के अध्ययन का कार्य शुरू कर दिया गया। पाठ्यक्रम के विश्लेपण में पाठ्यक्रम में अनुसरण की गई विषय की योजना, प्रति सप्ताह दिया जाने वाला समय, व्यावहारिक कार्य के लिए सुझाव, शिक्षण के तरीके और मूल्यांकन सम्मिलित है। पाठ्यक्रम के विश्लेपण पर आधारित विश्व इतिहास का स्थिति पर एक पुस्तिका जल्दी ही प्रकाशित करने का प्रस्ताव है।

10·07 विभिन्न राज्यों के स्कूली पाठ्यक्रमों में नागरिकशास्त्र के स्थान का एक अध्ययन : प्रतिवेदन वर्ष में 14 राज्यों के पाठ्यक्रम में नागरिकशास्त्र की स्थिति का अध्ययन किया गया। इस अध्ययन के आधार पर उच्चतर माध्यमिक स्तर के लिए नागरिकशास्त्र का नया पाठ्यक्रम विकसित किया जाएगा।

10·08 इस वर्ष भुवनेश्वर के क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय में द्विभाषीय शिक्षण और भारतीय बच्चों को अंग्रेजी पढ़ाने के संरचनात्मक पहुंच का तुलनात्मक अध्ययन किया गया। स्टाफ के अभाव के कारण इस अध्ययन में कोई प्रगति न हो सकी। 1971-72 में इस अध्ययन को चालू रखने का प्रस्ताव है।

10·09 अहिन्दी भाषियों को भाषा प्रयोगशाला तकनीकों से हिन्दी शिक्षण के सामर्थ्य का पता लगाने के लिए एक अध्ययन : अहिन्दी भाषियों का भाषा प्रयोगशाला तकनीकों से हिन्दी शिक्षण के सामर्थ्य का पता लगाने के लिए 1971-72 में परिषद् को भाषा प्रयोगशाला में एक प्रयोगात्मक अध्ययन किया गया। इस अध्ययन को दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से जारी रखा गया।

10·10 सामाजिक अध्ययन शिक्षण के कुछ विशेष उद्देश्य और उनको प्राप्त करने के उपायों से संबंधित एक विश्लेषणात्मक अध्ययन : यह अध्ययन मैसूर के क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय में पूरा किया गया और इसकी रिपोर्ट इस वर्ष निकाली गई।

10·11 राज्यों के माध्यमिक शिक्षा बोर्डों द्वारा संचालित हाई स्कूल उच्चतर माध्यमिक परीक्षाओं के परिणामों का विश्लेषण : प्रतिवेदन वर्ष में राज्यों के माध्यमिक शिक्षा बोर्डों द्वारा 1969-70 में संचालित हाई स्कूल-उच्चतर माध्यमिक परीक्षाओं के परिणामों के विश्लेषण का कार्य समाप्त कर लिया गया और 1970-71 की परीक्षाओं के परिणामों के विश्लेषण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया।

10·12 आंतरिक आकलन कार्यक्रम के मूल्यांकन करने के लिए अध्ययन : राजस्थान में आंतरिक आकलन कार्यक्रम के मूल्यांकन का कार्य इस वर्ष के दौरान इसको सुधारने और सुदृढ़ करने के लिए चालू रहा।

10·13 शैक्षिक मूल्यांकन विषय-वस्तु के संबंध में बी० एड० पाठ्यक्रम का अध्ययन : 1971-72 में विभिन्न विश्वविद्यालयों के बी० एड० पाठ्यक्रम का शैक्षिक मूल्यांकन की विषय-वस्तु के संबंध में विश्लेषण का कार्य विभिन्न विश्वविद्यालयों को पहले भेजे गए विषय का अनिवार्य और विशेष प्रकार का नया संशोधित संस्करण विकसित करने की दृष्टि से चालू रहा।

11. पूर्व प्राथमिक शिक्षा

पूर्व-प्राथमिक स्कूल के बच्चों के लिए कार्यकलापों की तुलना में आचरण परिणाम का अध्ययन :

स्कूल-पूर्व शिक्षा बहुधा निजी हाथों में नियन्त्रित है और इसलिए विभिन्न संस्थाएँ अपने स्कूलों के कार्यक्रम/कार्यकलाप तैयार करने में अपनी रीतियों का अनुसरण करते हैं। ऐसे कार्यकलापों को जानने के लिए और उनमें से अच्छे कार्यकलापों को देश के दूसरे स्कूलों तक पहुँचाने के लिए परिषद् ने यह परियोजना आरम्भ की थी। प्रतिवेदन वर्ष में जाँच के लिए उपकरण तैयार किए गए और उनको अंतिम रूप दिया गया। 60 अध्यापकों से भी जवाब प्राप्त हुए हैं।

12. प्राथमिक शिक्षा

12·01 प्राथमिक स्तर पर बरबादी तथा गतिरोध को कम करने के लिए श्रेणीकृत स्कूल प्रणाली के संबंध में प्रायोगिक परियोजना :

उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के लोनी ब्लाक में "अश्रेणीकृत स्कूल प्रणाली" के संबंध में परिषद् ने एक मार्गदर्शी परियोजना शुरू की थी जिसका उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर बरबादी तथा गतिरोध को कम करने में इसके प्रभाव का अध्ययन करना है। यह परियोजना 20 प्राथमिक स्कूलों में लागू की गई है जिनमें से दस स्कूल प्रयोगिक स्कूल हैं और दस नियन्त्रित स्कूल हैं। प्रतिवेदन वर्ष में गत दस वर्षों में बरबादी और गतिरोध की घटनाओं के आँकड़े एकत्रित करने का कार्य चालू रखा गया और 6 स्कूल से आँकड़े एकत्र किए गए। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्कूलों के हैडमास्टरों तथा सहायक अध्यापकों को अश्रेणीकृत स्कूल प्रणाली में अन्तर्निहित मूलभूत विचारों का स्थिति ज्ञान कराने के पश्चात्, यह परियोजन पहली सितम्बर 1971 को चालू की गई थी। दस स्कूलों के प्रयोगिक दल के कक्षा I को, नए बच्चों के आने की संभावना के साथ, अश्रेणीकृत ढाँचे में रखा गया।

12·02 प्राथमिक स्कूलों में विभिन्न स्कूली विषयों में छात्रों की उपलब्धियों पर पठन के प्रभाव का अध्ययन :

इस अध्ययन के पहले चरण में कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों के लिए वैज्ञानिक आधार पर विकसित शब्दावली की सूची तैयार करना है। 1971-72 के दौरान पूर्व-प्राथमिक तथा प्राथमिक शिक्षा विभाग, पाठ्यपुस्तक विभाग, सामाजिक अध्ययन और मानविकी विभाग और शैक्षिक मनोविज्ञान तथा शिक्षा-आधार विभाग के अंतरविभागीय प्रयत्नों से शब्दावली एकत्रित करने के लिए पृष्ठभूमि सामग्री और उपकरण तैयार किए गए। राज्य शिक्षा संस्थानों को शब्दावली एकत्र करने का कार्य सौंपा गया। इस प्रकार एकत्रित शब्दावली का पूर्व-प्राथमिक तथा प्राथमिक विभाग में विश्लेषण किया गया।

12·03 प्राथमिक स्कूलों में बहुकक्षीय शिक्षण :

1971-72 के दौरान हरियाणा राज्य के गुड़गाँव के चुने प्राथमिक स्कूलों में बहुकक्षीय शिक्षण तकनीकों और साहित्य को विकसित करने के लिए एक मार्गदर्शी परियोजना आरम्भ की गई। हरियाणा के राज्य शिक्षा संस्थान और चुने अध्यापकों की सहायता से इस परियोजना के ढाँचे को अंतिम रूप दिया गया। अध्यापकों को बहुकक्षीय शिक्षण धारण और शिक्षण इकाइयों की तैयारी के संबंध में अनुस्थापन दिया गया। प्राथमिक स्तर पर विभिन्न स्कूल विषयों में शिक्षण इकाइयाँ विकसित की गईं। यह कार्य आगामी वर्षों में चालू रखने का प्रस्ताव है।

13. जनजातीय शिक्षा

13.01 प्राथमिक तथा मिडिल स्कूलों में जनजातीय क्षेत्रों में बरबादी तथा गतिरोध

इस अध्ययन को प्रारम्भ करने का उद्देश्य प्राथमिक तथा मिडिल स्कूलों में जनजातीय क्षेत्रों में बरबादी तथा गतिरोध को कम करने के उपायों का पता लगाना है। इस संबंध में क्रिया—कार्यक्रम के प्रारूप को तैयार करने का कार्य हाथ में लिया गया।

13.02 जनजातीय युवकों की महत्वाकांक्षाओं तथा लक्ष्यों का अध्ययन

महत्वाकांक्षाओं तथा लक्ष्यों की पृष्ठभूमि में शिक्षा और आधुनिकीरण के कारण उत्पन्न जनजातीय युवकों की समस्याओं का पता लगाना इस अध्ययन का उद्देश्य है। यह परियोजना पूर्व-प्राथमिक तथा प्राथमिक विभाग का जनजातीय शिक्षा एकक और शैक्षिक मनोविज्ञान तथा शिक्षा आधार विभाग दोनों मिल कर चला रहे हैं। गत वर्ष इस अध्ययन की अनुसंधान संबंधी तैयार की गई रूपरेखा को 1971-72 में संशोधित किया गया।

13.03 जनजातीय छात्रों पर शिक्षा के प्रभाव का अध्ययन

इस अध्ययन का उद्देश्य पठन क्षमता, निष्पादन, चिन्ता और एकीकरण के विचार के संदर्भ में जनजातीय छात्रों पर शिक्षा के प्रभाव का पता लगाना है। इस वर्ष के दौरान इस अध्ययन की रूपरेखा तैयार की गई।

13.04 जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा तथा सामाजिक आर्थिक गतिशीलता का अध्ययन

इस अध्ययन का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में पेशों के ढंग में तबदीली, अजनजातीयता, सांस्कृतिक तबदीली और सामाजिक तथा भौगोलिक परिवर्तनशीलता पर शिक्षा के योगदान का पता लगाना है। इस अध्ययन की रूपरेखा इस वर्ष तैयार की गई थी।

13.05 जनजातीय उपभाषाओं का जनजातीय छात्रों की शिक्षा पर प्रभाव का अध्ययन

इस अध्ययन का उद्देश्य यह पता लगाना है कि क्या जनजातीय उपभाषाओं की क्षेत्रीय लिपि में तैयार पाठ्यपुस्तकें उनमें बरबादी और गतिहीनता को कम कर सकती हैं और उनमें पढ़ने के प्रति शौक पैदा कर सकती हैं और अध्ययन की ओर आकर्षित कर सकती हैं। क्योंकि जनजातीय उपभाषाओं में पाठ्यपुस्तकें विभिन्न राज्यों में लगानी थीं इसलिए संबंधित राज्य सरकारों की मंजूरी भी लेनी थी। बिहार और पश्चिम बंगाल की मंजूरी इस वर्ष के दौरान प्राप्त हो गई और उड़ीसा सरकार की मंजूरी प्रतीक्षित थी। इन तीन राज्यों में पाठ्यपुस्तकें परियोजना के आधार पर लगाने का प्रस्ताव है।

14. अध्यापक शिक्षा

14.01 शिक्षा कालेजों में अनुसंधान का संवर्धन

पूर्वी क्षेत्र के अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए अनुसंधान परियोजनाओं की योजना पर चौथा सेमिनार क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, भुवनेश्वर में 7 से 16 अक्तूबर 1971 तक आयोजित हुआ। सेमिनार में भाग लेने पश्चिम बंगाल, बिहार, उड़ीसा और असम राज्यों से अध्यापक प्रशिक्षक आए। हर भागीदार की अनुसंधान परियोजना बनाने में सहायता की गई। शिक्षा के विकास क्षेत्रों और स्कूल शिक्षा तथा अध्यापक शिक्षा की समस्याओं पर भागीदारों ने अनुसंधान रूपरेखाएँ तैयार कीं।

14.02 प्रशिक्षण कालेजों के श्रेणीकरण के लिए उपस्कर का विकास

प्रतिवेदन वर्ष में निम्नलिखित क्षेत्रों के अंतर्गत मदें एकत्रित करने के सूचना प्रारूप और आवश्यक पहलुओं से संबंधित सिद्धांत तैयार करने का कार्य किया गया।

1. भौतिक साधन
2. मनुष्य-शक्ति साधन
3. अनुदेशीय कार्यक्रम, और
4. अलंकृत कार्यक्रम।

14.03 अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं में अभ्यास-अध्यापन के मूल्यांकन में सुधार

बी० एड० पाठ्यक्रम और प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के संबंध में प्रश्न-पत्र, पाठ्यक्रम और अन्य संबंधित साहित्य सम्पूर्ण भारत से एकत्रित किया गया। सभी विश्वविद्यालयों और अध्यापक प्रशिक्षण की माध्यमिक संस्थाओं की परीक्षण संस्थाओं में से 16 नमूने के तौर पर चुनी गई। उनके उद्देश्यों के हिसाब से उनके पाठ्यक्रमों का विश्लेषण किया गया। रिपोर्ट का प्रारूप "दि आबजैक्टिव्ज आफ द सिलैबी" शीर्षक से तैयार किया गया।

14.04 क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, भुवनेश्वर में अपनाई गई दाखिले की प्रक्रिया का अध्ययन

पिछले क्षेत्रों के दलों का अनुसरण-अध्ययन कालेज में अपनाई गई दाखिले की प्रक्रिया में सुधार करने के विचार से क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, भुवनेश्वर में किया गया। अब चूँकि छात्रवृत्तियाँ केवल 50 प्रतिशत नामांकित विद्यार्थियों को ही दी जाती हैं इसीलिए विद्यार्थियों के चयन की आवश्यक प्रक्रियाओं को विकसित करने की जरूरत पड़ी। ऐसी आशा की जाती है कि यह अध्ययन इस दिशा में सहायता करेगा।

14·05 4-वर्षीय तथा 1-वर्षीय बी० एड० पाठ्यक्रमों के स्नातकों का अनुसरण अध्ययन :

इस वर्ष के दौरान क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, मैसूर से 4-वर्षीय और 1-वर्षीय बी० एड० पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण होने वाले स्नातकों का अनुसरण-अध्ययन प्रारम्भ किया गया।

15. शैक्षिक प्रौद्योगिकी

शैक्षिक प्रौद्योगिकी पर लगभग 300 पुस्तकें, रिपोर्टें और दूसरे मुख्य संलेख अध्यापकों और अध्यापक शिक्षा के लाभ लिए 1971-72 के दौरान टीकाकृत किए गए।

16. पाठ्यपुस्तक की तैयारी का मूल्यांकन

16·01 राष्ट्रीयकृत पाठ्यपुस्तकों की स्थिति का अध्ययन :

इस अध्ययन का कार्य गत वर्ष आरंभ किया गया था। प्रतिवेतन वर्ष में यह अध्ययन समाप्त कर लिया गया।

16·02 विभिन्न राज्यों में अल्पसंख्यक भाषा वर्गों में पाठ्यपुस्तकों की स्थिति का अध्ययन :

स्कूली पाठ्यपुस्तकों के राष्ट्रीय बोर्ड की दूसरी बैठक में की गई सिफारिशों के आधार पर यह अध्ययन गत वर्ष आरंभ किया गया था। 1971-72 के दौरान कुछ राज्यों का अध्ययन पूरा कर लिया गया।

16·03 इतिहास की विषय-वस्तु के चयन तथा प्रस्तुतीकरण का अध्ययन :

इस अध्ययन का कार्य जो गत वर्ष आरंभ किया गया था 1971-72 में भी चालू रखा गया।

16·04 स्कूल के विभिन्न विषयों की पाठ्यपुस्तकों की तैयारी तथा मूल्यांकन के सिद्धांत तथा प्रक्रियाएँ :

यह अनुसंधान विकास परियोजना है। इस में पाठ्यपुस्तकें तैयार करने तथा उनके मूल्यांकन करने के मूलभूत सिद्धांतों तथा प्रक्रियाओं को विकसित करने का कार्य शामिल है। ऐसे अध्ययन के नतीजे विषय विशेषज्ञों, अध्यापन-विज्ञान विशेषज्ञों, अध्यापकों इत्यादि के समक्ष रखे जाते हैं। ऐसे दल द्वारा नतीजों की विधिमान्यता के पश्चात् उनको व्यापक टिप्पणियों के लिए परिचालित किया जाता है। साथ ही साथ विभिन्न उद्देश्यों जैसे सुधार, चयन, टिप्पणियों आदि से पुस्तकें और पाठ्यपुस्तकें मूल्यांकन करने के लिए उपकरणों के विकास का कार्य आरंभ किया जाता है। इसके बाद इस सारी सामग्री से हस्तपुस्तिका तैयार करने का कार्य किया

जाता है। हस्तपुस्तिका पर विशेषज्ञों के एक दल द्वारा विचार-विमर्श होता है, समीक्षा होती है और उसको अंतिम रूप देकर मुद्रित किया जाता है। इसको छापने से पहले एक एक प्रयोगात्मक संस्करण तैयार किया जाता है। इस परियोजना के अंतर्गत सारे स्कूल विषयों को चरणों में पूरा करने का प्रस्ताव है। 1969-70 और 1970-71 के दौरान आठ विषयों का कार्य समाप्त किया जा चुका था। 1971-72 में इतिहास, भूगोल, जीव-विज्ञान और गणित की हस्तपुस्तिकाओं के अंतिम संस्करण प्रेस को छपने के लिए भेज दिए गए। प्रतिवेदन वर्ष में तीन और विषयों—द्वितीय भाषा, सामान्य विज्ञान और नागरिकशास्त्र पर कार्य किया गया और इसी प्रकार का कार्य अर्थशास्त्र और रसायन-विज्ञान के विषयों पर आरंभ किया गया।

17. अन्य अध्ययन

17·01 **अध्यापकों के सामाजिक स्तर का अध्ययन :**

यू० जी० सी० सहायता प्राप्त अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत अध्यापकों के सामाजिक स्तर का अध्ययन 1971-72 में क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, भुवनेश्वर में महाविद्यालय के एक स्टाफ सदस्य ने पूरा कर लिया।

17·02 **मैकाले के हेरारकीकल सिन्ड्रोम विश्लेषण द्वारा शैक्षणिक उद्देश्यों के अनुसंधानकारी सामर्थ्य का वर्गीकरण :**

क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, मैसूर में यह अध्ययन समाप्त कर लिया गया और इस वर्ष के दौरान इसकी रिपोर्ट निकाली गई।

17·03 **भाषा अधिगम भार, बुद्धि और शैक्षणिक प्राप्तियाँ :**

यह अध्ययन क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, मैसूर में पूरा किया गया और इस वर्ष के दौरान इसकी रिपोर्ट निकाली गई।

17·04 **छात्रों की अमौखिक बुद्धिमत्ता से संबंधित सामाजिक-आर्थिक वातावरण का अध्ययन**

यह अध्ययन क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, मैसूर में पूरा किया गया और इस वर्ष के दौरान इसकी रिपोर्ट निकाली गई।

(ख) शैक्षणिक सर्वेक्षण

1. भारत में माध्यमिक स्कूलों के अध्यापकों का नमूना सर्वेक्षण

1971-72 में निम्नलिखित स्थितियों पर सर्वेक्षण पूरा किया गया और उनकी रिपोर्ट मिम्योग्राफ की गई :

1. भारत के माध्यमिक स्कूल (नमूने में शामिल किए गए स्कूलों के संबंध में सामान्य सूचनाएँ)
2. माध्यमिक स्कूलों के अध्यापक

3. अध्यापकों का अध्यापन व्यवसाय के प्रति भाव
4. अध्यापकों की व्यावसायिक समस्याएँ
5. अध्यापक और राष्ट्रीय एकीकरण
6. हैडमास्टरों की दृष्टि में अध्यापक

उपरोक्त सर्वेक्षण से विकसित 1500 अध्यापकों से संबंधित अंतरस्कूल कार्य-कलापों के अध्ययन का कार्य समाप्ति पर था।

2. माध्यमिक स्कूलों/इंटरमीडियट कालेजों में छात्रों की शैक्षणिक प्रगति के लिए उपलब्ध सुविधाओं का नमूना सर्वेक्षण

इस सर्वेक्षण का उद्देश्य पुस्तकालय तथा वाचनालय, प्रयोगशालाओं, कर्मशालाओं, श्रव्य-दृश्य साधनों, विषय-क्लबों तथा संस्थाओं, मार्गदर्शन सेवाओं, दोपहर के भोजन, स्कूल की स्वास्थ्य सेवा आदि के लिए सुविधाओं जैसे पहलुओं के संबंध में सूचना एकत्र करना है। 1970-71 में यह नमूना-सर्वेक्षण देश के 3 प्रतिशत हाई और हायर सेकेंड्री स्कूलों और इंटरमीडियट कालेजों में किया गया। प्रतिवेदन वर्ष में यह सर्वेक्षण देश के दूसरे 3 प्रतिशत नमूने स्कूलों में किया गया। तीन प्रतिशत और नमूने स्कूलों से तथ्य सामग्री एकत्रित करने का कार्य पूरा किया गया और 1970-71 में एकत्र की गई तथ्य सामग्री का कार्य इस वर्ष के दौरान जारी रहा।

3. उच्चतर माध्यमिक स्तर पर पब्लिक परीक्षाओं में अनाचारों का अध्ययन

इस अध्ययन में विभिन्न स्तरों के विभिन्न प्रकार के अनाचारों का अध्ययन, समस्या हल करने के उपकरण, समस्या हल करने के बहुत से शैक्षणिक और प्रशासकीय उपाए, विभिन्न प्रकार के अनाचारों के लिए दिए जाने वाले दंड और इन समस्याओं को हल करने के लिए अधिकारियों के विचार शामिल हैं। माध्यमिक शिक्षा के सभी बोर्डों द्वारा 1969,1970 और 1971 में की जाने वाली नियमित और पूरक परीक्षाओं में ज्ञात किए गए अनाचारों का अध्ययन किया गया। इस अध्ययन की रिपोर्ट के मई 1972 तक तैयार हो जाने की संभावना है।

4. तीसरा अखिल भारतीय शैक्षणिक सर्वेक्षण

तीसरे अखिल भारतीय शैक्षणिक सर्वेक्षण का प्रारम्भिक कार्य 1971—72 में शुरू कर दिया गया।

5. भारत में शैक्षणिक और व्यावसायिक मार्गदर्शन पर उपलब्ध सुविधाओं का सर्वेक्षण

विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में शैक्षणिक और व्यावसायिक

मार्गदर्शन की उपलब्ध सुविधाओं के निम्नलिखित पहलुओं का अध्ययन किया गया :

(1) पूरे समय के लिए परामर्शदाताओं, अध्यापक परामर्शदाताओं और जीविका विशेषज्ञों को नियुक्त करने वाली संस्थाओं की संख्या ।

(2) इन संस्थाओं में शैक्षणिक और व्यावसायिक मार्गदर्शन के चालू कार्यक्रम ।

(3) विभिन्न राज्यों में उपलब्ध प्रशिक्षित परामर्शदाताओं की संख्या ।

(4) शैक्षणिक और व्यावसायिक मार्गदर्शन के राज्य ब्यूरो जैसी प्रत्येक राज्य की मुख्य एजेंसी में उपलब्ध श्रमिकों का स्तर, और

(5) प्रत्येक राज्य और संघ क्षेत्रों की चतुर्थ पंच वर्षीय योजना में शैक्षणिक तथा व्यावसायिक मार्गदर्शन के लिए वित्तीय परिव्यय ।

6. अभिभावक-अध्यापक संघों का सर्वेक्षण

दिल्ली में अभिभावक-संघों का एक सर्वेक्षण 1971-72 में शुरू किया गया । तैयार की गई इस सर्वेक्षण रिपोर्ट में अभिभावक-अध्यापक संघों के विकास, इसकी कार्यकारी समितियों के गठन, सदस्यों से लिया जाने वाला शुल्क, संघों द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रम इत्यादि के संबंध में विवरण दिया गया है । अभिभावक-अध्यापक संघों द्वारा ली जाने वाली परियोजनाओं के संबंध में इस रिपोर्ट में बहुत से लाभदायक सुझाव दिए गए हैं। रिपोर्ट की एक परिशिष्ट में पी० टी० ए० के एक आदर्श संविधान का सुझाव भी दिया गया है ।

7. माध्यमिक अध्यापक शिक्षा का तीसरा राष्ट्रीय सर्वेक्षण

सर्वेक्षण के लिए एक प्रश्नावली छापी गई और उसे देश के सभी शिक्षा कालेजों को भेजा गया । 35 प्रतिशत शिक्षा कालेजों ने प्रश्नावली भर कर लौटा दी है । जिन कालेजों ने जवाब नहीं दिया है उनको सूचना जल्दी भेजने के लिए याद दिला दिया गया ।

8. प्रारम्भिक अध्यापक शिक्षा का राष्ट्रीय सर्वेक्षण

इस सर्वेक्षण के लिए एक प्रश्नावली छापी गई और उसे राज्यों में राज्य शिक्षा संस्थानों द्वारा और संघ क्षेत्रों में शिक्षा निदेशकों द्वारा देश की सभी प्रारम्भिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं को भेज दिया गया है। राज्य शिक्षा संस्थानों ने तथ्य सामग्री एकत्रित की है जिसका विश्लेषण राज्यानुसार रिपोर्टें तैयार करने के लिए संस्थान के स्टाफ द्वारा किया जाएगा । संघ क्षेत्रों द्वारा प्रारम्भिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं से प्राप्त तथ्य सामग्री का विश्लेषण परिषद् में किया जाएगा ।

9. माध्यमिक अध्यापक प्रशिक्षण कालेजों में श्रव्य-दृश्य उपकरण तथा सामग्री की उपलभ्यता, उपयोगिता और आवश्यकता के बारे में सर्वेक्षण

1971-72 वर्ष के दौरान विभिन्न राज्यों और संघ क्षेत्रों के माध्यमिक अध्यापक प्रशिक्षण कालेजों में श्रव्य-दृश्य उपकरण तथा सामग्री की उपलभ्यता, उपयोगिता और आवश्यकता के बारे में एक सर्वेक्षण किया गया था। सर्वेक्षण के लिए छापी गई प्रश्नावली देश के सभी माध्यमिक अध्यापक प्रशिक्षण कालेजों को भेजी गई। इनसे उत्तर प्राप्त हो रहे हैं।

10. राज्य स्तर पर श्रव्य-दृश्य शिक्षा के विकास स्तर का सर्वेक्षण

1971-72 में राज्य स्तर पर श्रव्य-दृश्य शिक्षा के विकास के स्तर पर एक सर्वेक्षण किया गया। विभिन्न राज्यों से तथ्य सामग्री एकत्र की गई। तथ्य सामग्री के विश्लेषण का कार्य चालू है।

11. भारत में पूर्व स्कूलों का सर्वेक्षण

इस परियोजना के संबंध में विकसित प्रश्नावली का कुछ स्कूलों में परीक्षण किया गया और इस परीक्षण से प्राप्त परिणामों के आधार पर उस प्रश्नावली को अंतिम रूप दिया गया। पूर्व-प्राथमिक तथा प्राथमिक शिक्षा विभाग तथा आधार सामग्री प्रक्रिया तथा शैक्षिक सर्वेक्षण एकक दोनों मिलकर यह सर्वेक्षण कर रहे हैं।

12. बिहार राज्य में वाणिज्य शिक्षा की स्थिति पर सर्वेक्षण

सर्वेक्षण के लिए एक प्रश्नावली बिहार राज्य के सारे माध्यमिक स्कूलों को भेजी गई। कुछ स्कूलों से उत्तर प्राप्त हो गए हैं और उनकी जाँच की जा रही है।

(ग) प्रयोगात्मक परियोजनाएँ

प्रतिवेदन वर्ष में माध्यमिक स्कूलों से प्राप्त 359 परियोजना प्रस्तावों में से 255 मंजूर किए गए और उनको 86,000 रु० के अनुदान की स्वीकृति की गई। इसके अतिरिक्त इस योजना का कार्य-क्षेत्र बढ़ाकर इसमें प्राथमिक स्कूलों तथा जूनियर अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं को शामिल कर लिया गया। विभिन्न राज्यों के प्राथमिक स्कूलों तथा जूनियर अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं से इस वर्ष प्राप्त 200 परियोजना प्रस्तावों में से 100 को कुल मिलाकर 10,000 रुपए का अनुदान मंजूर किया गया। प्रयोगात्मक परियोजनाओं का प्राथमिक स्कूलों, माध्यमिक स्कूलों और जूनियर अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं में मार्गदर्शन करने वाले साधन-अधिकारियों के लिए 1971-72 में अनुस्थापना कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। माध्यमिक स्कूलों में प्रयोगात्मक परियोजनाओं के योजना कार्य को विकसित करने के लिए 1969-70 में नियुक्त की गई समिति ने अपनी रिपोर्ट परिषद् की कार्यक्रम सलाहकार समिति को पेश कर दी है।

परिशिष्ट 15

अनुमोदित अनुसंधान परियोजनाओं के लिए सहायतानुदान
(जी० ए० आर० पी०)
1971-72

इस योजना के अधीन, 1971-72 में परिषद् द्वारा 3 नई और 11 चालू परियोजनाओं को वित्तीय सहायता दी गई। जिन संस्थाओं को अनुदान दिए गए उनके नाम और उनकी परियोजनाओं के शीर्षक अनुबंध में दिए गए हैं।

अनुबंध

शिक्षा में अनुमोदित अनुसंधान परियोजनाओं के लिए सहायतानुदान योजना के अंतर्गत 1971-72 में दिए गए अनुदान की विवरणी

क्रम संख्या	संस्थान का नाम	परियोजना का शीर्षक	स्वीकृत अनुदान राशि (रुपयों में)
1	2	3	4
1.	दर्शनशास्त्र विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।	विश्वविद्यालय छात्रों के कार्य अनुस्थापन के सह-संबंधों पर एक अन्वेषण	11,700-00
2.	सेंट एन्स ट्रेनिंग कालेज, मंगलौर।	नवीं कक्षा के छात्रों की विज्ञान की विशेष धारणाओं को समझने के लिए अन्वेषण	1,000-00
3.	विश्वविद्यालय प्रशिक्षण कालेज, नागपुर विश्वविद्यालय, नागपुर।	नागपुर के स्कूलों के 8 से 12 वर्ष के बीच के शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े बच्चों का सर्वेक्षण	550-48
4.	बेसिक टीचर्स ट्रेनिंग कालेज, गांधी विद्या मंदिर, सरदारशहर।	प्रशिक्षण कालेज में शिक्षा पद्धतियों में प्रयोग	5,000-00

1	2	3	4
5.	शिक्षा विभाग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ ।	बाल्यावस्था में भाषा का विकास	2,430-00
6.	इंस्टीट्यूट आफ इंगलिश, कलकत्ता	पश्चिमी बंगाल के स्कूलों में दूसरी भाषा के रूप में बंगाली भाषा का अध्ययन	14,870-00
7.	विश्वविद्यालय अध्यापन मनोविज्ञान विभाग, रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर ।	क्षेत्रीय-संघीय हिन्दी में मूल दक्षताओं के नैदानिक परीक्षण का मानकीकरण तथा निर्माण	7,000-00
8.	गवर्नमेन्ट ट्रेनिंग कालेज, त्रिचूर	कक्षा में शिक्षण योग्यता पर विशेष सामाजिक तत्वों का प्रभाव	2,000-00
9.	राज्य शैक्षणिक अनुसंधान ब्यूरो, बंगलौर ।	मैसूर राज्य में शिक्षा का इतिहास	1,000-00
10.	जी०एच०जी० खालसा कालेज आफ एजुकेशन, गुरूसार सधार, लुधियाना ।	प्रशिक्षण कालेजों के स्नातकों का अनुवर्ती कार्य, कालेज के पश्चात् रोजगार और समायोजन	2,500-00
11.	विद्याभवन जी०एस० टीचर्स कालेज, उदयपुर ।	अध्यापकों के व्यावसायिक कार्य के एक विश्लेषण के आधार पर उनकी शिक्षा का यथार्थवादी कार्यक्रम विकसित करना ।	10,000-00

1	2	3	4
12.	विमेंस ट्रेनिंग कालेज, दयालबाग, आगरा।	वर्तमान पर्यवेक्षी विधियाँ: उनका मूल्यांकन तथा सुधार ।	5,000-00
13.	जी० के० इंटीट्यूट ऑफ रूरल एजुकेशन, गर्गोटी, जिला कोल्हापुर।	प्राथमिक स्कूलों की कक्षा 1 से 5 के लिए एक अवर्गित इकाई ।	500-00
14.	शिक्षा संकाय, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।	अध्यापक अभिवृत्ति सूची का विकास तथा छात्र अध्यापकों की वैयक्तिक अभिवृत्तियों में परिवर्तन का अध्ययन ।	9,900-00
		कुल जोड़	73,450-48

परिशिष्ट 16

प्रशिक्षण कार्यक्रम (1971-72)

पिछले वर्षों की भाँति 1971-72 में भी परिषद् ने नीचे दिए गए अपने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के द्वारा अध्यापकों तथा अध्यापक-शिक्षकों की सेवा-पूर्व तथा सेवा-कालीन शिक्षा की ओर पूरा-पूरा ध्यान दिया।

1. सेवा-पूर्व शिक्षा

1·01 **केन्द्रीय शिक्षा संस्थान :**

प्रतिवेदन वर्ष में, केन्द्रीय शिक्षा संस्थान, दिल्ली ने दिल्ली विश्वविद्यालय के बी० एड० और एम० एड० की डिग्रियों के नियमित पाठ्यक्रम जारी रखे। संस्थान ने एम० एड० डिग्री के दो वर्षीय संध्याकालीन अंशकालिक पाठ्यक्रयम और इस विश्वविद्यालय की पीएच० डी० डिग्री के लिए अनुसंधान पाठ्यक्रम को जारी रखा। दो शोध छात्र श्री जगदीश मित्र महाजन और कुमारी ए० वासंथा इस वर्ष पी एच० डी० डिग्री दिए जाने के लिए हकदार घोषित किए गए। बी० एड० पत्राचार पाठ्य क्रम को 1971-72 से बन्द कर दिया गया। प्रतिवेदन वर्ष में संस्थान में कुल 210 छात्र थे जिनमें 17 बी० एड० के नियमित पाठ्यक्रम में, 20 एम० एड० के नियमित पाठ्यक्रम में और 19 एम० एड० के संध्याकालीन अंशकालिक पाठ्यक्रम में थे।

1·02 **क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय :**

परिषद् के अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर और मैसूर में चार क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय हैं। ये महाविद्यालय स्थापित करने का मुख्य प्रयोजन उच्चतर माध्यमिक परीक्षा के बाद 4-वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रमों के द्वारा, जिनमें विभिन्न विषयों का शिक्षण तथा शिक्षण संबंधी प्रशिक्षण संयुक्त रूप से हो, अध्यापकों को तैयार करना था। प्रौद्योगिकी तथा वाणिज्य के 4-वर्षीय पाठ्यक्रम क्रमशः 1968-69 तथा 1970-71 से समाप्त कर दिए गए थे। फिर भी वाणिज्य का 4-वर्षीय पाठ्यक्रम भोपाल और मैसूर के क्षेत्रीय महाविद्यालय में और प्रौद्योगिकी का 4-वर्षीय पाठ्यक्रम अजमेर क्षेत्रीय महाविद्यालय में पहले से नामांकित विद्यार्थियों के लिए चालू रखे गए। प्रतिवेदन वर्ष में, विज्ञान तथा अंग्रेजी के 4-वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम जारी रखे गए थे। इसके अतिरिक्त इन विषयों के संशोधित पाठ्यक्रम भी शुरू किए गए थे। शिक्षा

महाविद्यालयों में वाणिज्य, विज्ञान, कृषि तथा भाषा में स्नातक अध्यापकों के लिए बी० एड० के एक-वर्षीय पाठ्यक्रम जारी रखे गए। भुवनेश्वर तथा भोपाल क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों में एम० एड० पाठ्यक्रम के लिए सीमित मात्रा में कुछ प्रदान की गई सुविधाएँ जारी रखी गई। इसके अलावा अजमेर क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय में विज्ञान में एम० एड० पाठ्यक्रम जुलाई 1971 से शुरू किया गया। 1971-72 के शैक्षणिक सत्र में सभी क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों में 4-वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रमों और एक-वर्षीय बी० एड० पाठ्यक्रमों में कुल 1997 छात्र नामांकित थे। एम० एड० पाठ्यक्रम में भोपाल के क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय में 6 छात्र और अजमेर तथा भुवनेश्वर के क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय में से प्रत्येक में 10 छात्र दाखिल किए गए।

देश के उच्च/उच्चत्तर माध्यमिक स्कूलों अप्रशिक्षित अध्यापकों को खत्म करने के लिए, परिषद् ग्रीष्मकालीन स्कूलों एवं पत्राचार पाठ्यक्रमों का आयोजन करती रही है जिनके बाद इसके चारों क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों से बी० एड० की डिग्री ली जा सकती थी। इस पाठ्यक्रम में दो गर्मी की छुट्टियों (4 महीनों) के दौरान पूर्णकालिक आशु प्रशिक्षण और दो गर्मियों की छुट्टियों के बीच की दस महीने की अवधि में पत्राचार के द्वारा अनुदेश सम्मिलित हैं। 1971-72 में चारों क्षेत्रीय कालेजों में इस पाठ्यक्रम के छात्रों की कुल संख्या 1,781 थी।

2. सेवा-कालीन शिक्षा

प्रतिवेदन वर्ष में परिषद् द्वारा अध्यापकों तथा स्कूली शिक्षा से संबद्ध अन्य शैक्षिक कर्मचारियों के लिए सेवा के दौरान अल्पकालीन तथा दीर्घकालीन पाठ्यक्रम प्रस्तुत किए जाने के लिए किए गए कार्य का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है।

2·01 ग्रीष्मकालीन विज्ञान संस्थान :

(क) माध्यमिक स्कूल/विश्वविद्यालय/पूर्व पाठ्यक्रम/इंटरमीडिएट कालेज प्रशिक्षण कालेज के विज्ञान तथा गणित के अध्यापकों को उनके विषयों में हुए नवीनतम विकास से अवगत कराने के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद्, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा परिषद् के सहयोग से पिछले कुछ वर्षों में ग्रीष्मकालीन संस्थानों का आयोजन करती रही है। ये ग्रीष्मकालीन संस्थान समान्यत: 5-6 सप्ताह की अवधि के लिए होते हैं और इनका आयोजन विश्वविद्यालय-कालेजों के ज्ञान साधन व्यक्तियों की सहायता से विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों की अध्यक्षता में किया जाता है। प्रतिवेदन वर्ष में विज्ञान तथा गणित के 64 ग्रीष्मकालीन संस्थानों का देश के विभिन्न केन्द्रों में आयोजन किया गया। प्रतिवेदन वर्ष में ग्रीष्म विज्ञान संस्थानों के कार्यक्रमों की कार्यप्रणाली की जाँच करने के लिए परिषद् ने श्री एम० वी० राजगोपाल की अध्यक्षता में एक समिति की स्थापना की। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट भेज दी है और इन संस्थानों की उपयोगिता और प्रभावता को सुधारने के लिए महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। वर्ष 1972 से

एन० सी० ई० आर० टी० का मार्गदर्शन राजगोपाल समिति की सिफारिशों द्वारा होगा जो ग्रीष्म विज्ञान संस्थानों को चलाने के लिए अकेले ही उत्तरदायी होगी। 1972 की गर्मियों में ऐसे 84 संस्थानों के आयोजन की योजना है।

(ख) परिषद् ने राज्य अध्यापक शिक्षा बोर्ड, गुजरात के सहयोग से प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए 31 मई से 12 जून 1971 तक विज्ञान और गणित में एक ग्रीष्म-कालीन संस्थान का आयोजन किया। इस संस्थान का उद्देश्य भाग लेने वालों को राज्य के प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं में चालू पाठ्यक्रम को संशोधित करने के लिए अनुस्थापन देना है। 49 अध्यापक प्रशिक्षकों ने संस्थान में भाग लिया।

2.02. सामाजिक विज्ञान तथा मानविकी के ग्रीष्मकालीन संस्थान

(क) परिषद् ने राज्य अध्यापक शिक्षा बोर्ड, गुजरात के सहयोग से प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए 6 से 11 जून 1971 तक सामाजिक विज्ञान तथा भाषा में एक ग्रीष्मकालीन संस्थान का आयोजन किया। गुजरात के प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं के 40 सामाजिक विज्ञान के अध्यापक प्रशिक्षकों और 50 भाषा के अध्यापक प्रशिक्षकों ने इस संस्थान में भाग लिया। सामाजिक विज्ञान में विषय को समाकलित रूप से अंतर्राष्ट्रीय सद्भावना और विश्व शांति को विकसित करने के लिए पढ़ाने पर जोर दिया गया। भाषा शिक्षण में मौखिक कार्य और मातृ भाषा के सही उच्चारण पर महत्त्व दिया गया।

(ख) 27 मई से 30 जून 1971 तक देहरादून में प्रयोगिक भाषा विज्ञान तथा भाषा-शिक्षण पर एक ग्रीष्मकालीन संस्थान का आयोजन किया गया। यह संस्थान दो स्तरों—एक तो सामान्य स्तर और दूसरा अग्रिम स्तर, पर आयोजित किया गया। सामान्य स्तरीय पाठ्यक्रम में नए व्यक्तियों ने भाग लिया और अग्रिम स्तरीय पाठ्यक्रम में उन व्यक्तियों ने भाग लिया जो परिषद् द्वारा पहले आयोजित ऐसे पाठ्यक्रमों में भाग ले चुके थे या इसी प्रकार का प्रशिक्षण कहीं और प्राप्त कर चुके थे। विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षा विभागों, अध्यापक प्रशिक्षण कालेजों और माध्यमिक स्कूलों से 34 व्यक्तियों ने सामान्य स्तरीय पाठ्यक्रम में और 16 ने अग्रिम स्तरीय पाठ्यक्रम में भाग लिया। सभी भाग लेने वाले या तो हिन्दी भाषा और साहित्य के अध्यापक थे या इसी क्षेत्र में अनुसंधान कर रहे थे।

2.03. प्रौद्योगिकी परियोजना पर ग्रीष्मकालीन संस्थान

पूर्वी क्षेत्र के भौतिकी के अध्यापकों को प्रशिक्षित करने के लिए क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, भुवनेश्वर ने प्रौद्योगिकी परियोजना (कार्य-अनुभव) में एक ग्रीष्म-कालीन संस्थान का आयोजन 1-6-1971 से 5-7-1971 तक किया। इस संस्थान में 17 अध्यापकों ने भाग लिया। भाग लेने वालों ने रूपांकन, निर्माण और प्रयोगात्मक सहित वैज्ञानिक परियोजनाएँ तैयार कीं। सब मिलाकर 175 परियोजनाएँ तैयार की गईं।

2.04. भारतीय शिक्षा की समकालीन समस्याओं पर ग्रीष्मकालीन संस्थान

इस संस्थान का आयोजन उदयपुर में 20 मई से 19 जून 1971 तक किया गया। इसमें भारतीय शिक्षा की बहुत सी समस्याओं जैसे शिक्षा में विशेषता के विरुद्ध मात्रा, शिक्षा और आर्थिक विकास, शिक्षा और आधुनिकीकरण, पड़ोसी स्कूलों और शिक्षा के व्यवसायीकरण इत्यादि पर विचार किया गया।

2.05. अधिगम, अभिप्रेरणा और समूह-प्रक्रम पर ग्रीष्मकालीन संस्थान

यह संस्थान मैसूर विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध कालेजों, प्रशिक्षण कालेजों के शिक्षा और मनोविज्ञान विभागों के प्रशिक्षकों के लिए आयोजित किया गया था। इस संस्थान का उद्देश्य अध्यापक प्रशिक्षकों का अधिगम, अभिप्रेरणा और समूह-प्रक्रम क्षेत्रों में ज्ञान वृद्धि करना था जिनसे बाद में ऐसी आशा की जाती थी कि वह सेवापूर्व अध्यापक प्रशिक्षण में सुधार करेंगे।

2.06. मार्गदर्शन में अनुसंधान प्रणाली पर शरदकालीन संस्थान

इस संस्थान में ऐसे व्यक्तियों को आमन्त्रित किया गया था जो या तो अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं में मार्गदर्शन शिक्षण का कार्य कर रहे थे या मार्गदर्शन क्षेत्र में स्वयं अनुसंधान कर रहे थे या किसी का इसमें मार्गदर्शन कर रहे थे। इस संस्थान का उद्देश्य भाग लेने वालों के मार्गदर्शन से संबंधित अनुसंधान प्रणाली के ज्ञान में वृद्धि करना था। इस संस्थान का आयोजन राज्य शिक्षा संस्थान, पूना में किया गया था। देश के विभिन्न भागों से सब मिलाकर 25 व्यक्तियों ने भाग लिया। इस संस्थान को 35 दिन चलाने की योजना थी परन्तु 18 दिनों के बाद राष्ट्रीय आपात स्थिति के कारण इसे बन्द कर देना पड़ा। इन 18 दिनों के दौरान लगभग 50 प्रतिशत पाठ्यक्रम पूरा किया जा चुका था। इन भाग लेने वालों के प्रशिक्षण को पूरा करने के लिए इनको 1972 की गर्मियों में इस विषय पर आयोजित होने वाले संस्थान में आमन्त्रित करने का फैसला किया गया।

2.07. शैक्षिक तथा व्यावसायिक मार्गदर्शन डिप्लोमा पाठ्यक्रम

शैक्षिक तथा व्यावसायिक मार्गदर्शन संबंधी 11वाँ पूर्णकालिक स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम 15 जुलाई 1971 से 14 अप्रैल 1972 तक आयोजित किया गया। इस पाठ्यक्रम का रूपांकन राज्य मार्गदर्शन ब्यूरो के सलाहकारों और प्रशिक्षण कालेजों में मार्गदर्शन पढ़ाने वाले अध्यापक प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए किया गया था। 25 व्यक्तियों की क्षमता के विपरीत इस पाठ्यक्रम में 22 व्यक्तियों ने भाग लिया और उनमें से 20 ने पूरा किया। इन 20 भाग लेने वालों में से 10 राज्य सरकारों द्वारा प्रतिनियुक्त किए गए थे।

2.08. अन्य अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम

विभिन्न क्षेत्रों में अन्य अनेक अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों की संक्षिप्त रिपोर्ट नीचे दी गई है।

1. दिल्ली के उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के अध्यापकों को अध्यापन व्यवसाय में प्रशिक्षित करने के लिए एक तीन सप्ताह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 52 अध्यापकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

2. दिल्ली के अध्यापकों के लिए माध्यमिक स्कूलों में श्रव्य-दृश्य उपकरणों के प्रयोग पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

3. दिल्ली के माध्यमिक स्कूलों में कार्य कर रहे पुस्तकालय-अध्यक्षों के लिए स्कूल पुस्तकालय के प्रभावपूर्ण प्रयोग के संबंध में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 41 स्कूलों के पुस्तकालय-अध्यक्षों ने भाग लिया।

4. दिल्ली नगर निगम के अनुरोध पर विज्ञान क्लबों के प्रयोजकों को विभिन्न कार्यकलापों में प्रशिक्षण देने के लिए दो एक-एक सप्ताह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 77 अध्यापकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

5. दिल्ली स्कूलों के भूगोल अध्यापकों के लिए भूगोल के अध्यापन संबंधी एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

6. दिल्ली के अध्यापकों के लिए प्रयोगात्मक परियोजनाओं के रूपांकनों को विकसित करने के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

7. श्रव्य-दृश्य शिक्षा संबंधी 6 सप्ताह के एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन 12 मई से 22 जून 1971 तक किया गया जिसमें अध्यापक प्रशिक्षण कालेजों और राज्य शिक्षा संस्थानों से आए 22 अध्यापक प्रशिक्षकों ने भाग लिया।

8. अक्तूबर-नवंबर 1971 में श्रव्य-दृश्य उपकरणों की कार्यपद्धति संधारण तथा मरम्मत के संबंध में एक मासीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देश के विभिन्न भागों से आए 12 व्यक्तियों ने इस पाठ्यक्रम में भाग लिया।

9. अगस्त 1971 में क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, भुवनेश्वर में श्रव्य-दृश्य शिक्षा में एक-मासीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन किया। पूर्वी क्षेत्र के अध्यापक प्रशिक्षण कालेजों के 16 अध्यापकों ने इस पाठ्यक्रम में भाग लिया। इसमें श्रव्य-दृश्य पाठ्यक्रम के कम दाम वाले साधनों पर जोर दिया गया।

10. प्राथमिक अध्यापक शिक्षण संस्थाओं के अध्यापक प्रशिक्षकों और राज्य शिक्षा संस्थानों के अधिकारियों के हैदराबाद में अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वालों को परिषद् द्वारा विकसित सामाजिक अध्ययन में सेवा-पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम से अवगत कराया और राज्यों में इस कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए उनको अनुस्थापित किया।

11. भारत सरकार के प्रथम श्रेणी के अफसरों के लिए हिन्दी में परिषद् की भाषा प्रयोगशाला में केन्द्रीय हिन्दी संस्थान के सहयोग से दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

12. नेफा के अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए 'प्राथमिक स्तर पर अंग्रेजी का दूसरी भाषा के रूप में शिक्षण' पर जनवरी 1972 में एक महीने के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया । इस पाठ्यक्रम में एक विदेशी भाषा के रूप में अंग्रेजी के अध्यापन की विषत वस्तु तथा प्रणाली दोनों का समन्वय किया गया ।

13. अक्तूबर 1971. में परिषद् की भाषा प्रयोगशाला में प्रशिक्षण कालेजों के लेक्चररों तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के अध्यापकों के लिए दूसरी या तीसरी भाषा के शिक्षण में टेप रिकार्डों तथा भाषा प्रयोगशालाओं के प्रयोग पर एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया ।

14. प्राथमिक कक्षाओं के अध्यापकों के लिए परिषद् की भाषा प्रयोगशाला में मई 1971 में एक अभिविन्यास पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया ।

15. प्राथमिक स्कूल अध्यापकों के लिए दो प्रशिक्षण कार्यक्रम एक रांची में अक्तूबर-नवम्बर 1971 के दौरान और दूसरा दिल्ली में दिसम्बर 1971 से जनवरी 1972 के दौरान आयोजित किए गए । कार्यक्रम के उद्देश्य निम्नलिखित थे :—

(क) भाग लेने वालों को जनजातीय संस्कृति और उसकी अच्छाइयों का ज्ञान कराना ।

(ख) उन्हें जनजातीय शिक्षा की विशेष समस्याओं से अवगत कराना ।

(ग) जनजातीय बच्चों के मुताबिक कक्षा स्थिति में सुधार करना, और

(घ) जनजातीय बच्चों में उपलब्धि प्रवृत्ति विकसित करना ।

16. प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षकों को प्रयोगात्मक परियोजनाएँ चलाने के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

17. दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग के अनुरोध पर चुने हुए प्राथमिक स्कूलों के अध्यापकों तथा पर्यवेक्षकों को प्राथमिक स्कूलों में बरबादी और गतिहीनता को कम करने के कार्यक्रमों के विकसित करने से संबंधित तीन दिन के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

18. उत्तरी क्षेत्र के पूर्व-प्राथमिक और प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं के अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए शिशु विकास पर एक दो-सप्ताह के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया । 23 व्यक्तियों ने इस पाठ्यक्रम में भाग लिया ।

19. व्यवहार सुधार पर एक आनुक्रमिक पाठ्यक्रम (स्तर II) का दिल्ली में 9 से 22 मार्च 1972 तक आयोजन किया गया । देश के विभिन्न भागों से 35 व्यक्तियों ने भाग लिया । इस पाठ्यक्रम के उद्देश्य निम्नलिखित थे :—

(क) भाग लेने वालों को व्यवहार सुधार के क्षेत्र में हुई नवीनतम प्रगति से अवगत कराना,

(ख) भाग लेने वालों को कक्षा की स्थितियों में लाभदायक विभिन्न व्यवहार सुधार तकनीकों से अवगत कराना, और

(ग) भारतीय स्कूल स्थिति के विशेष संदर्भ में प्रयोग के नए क्षेत्रों का पता लगाना।

20. अप्रैल 1971 में क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, भुवनेश्वर में अंग्रेजी व्याकरण के शिक्षण पर एक सेवा-कालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया। उड़ीसा के स्कूलों के अंग्रेजी के 23 अध्यापकों ने इस पाठ्यक्रम में भाग लिया। इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अंग्रेजी व्याकरण के शिक्षण को आधुनिक भाषा विषयक उपागमनों में अनुस्थापित करना था।

21. उड़ीसा सरकार के राज्य शिक्षा विभाग के अनुरोध पर क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, भुवनेश्वर ने जून 1971 में कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम के पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण देने के लिए पाठ्यक्रम का आयोजन किया। इस पाठ्यक्रम में उड़ीसा के गहन कृषि विकास जिलों से आए व्यक्तियों ने भाग लिया।

22. उड़ीसा के माध्यमिक स्कूलों से आए जीव विज्ञान के अध्यापकों के लिए छः दिवसीय सेवा-कालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन जनवरी 1972 में क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, भुवनेश्वर में किया गया। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य भाग लेने वालों को माध्यमिक स्कूल स्तर के संदर्भ में जीव विज्ञान के अध्यापन के विषय तत्व तथा प्रणाली में हुए कुछ महत्वपूर्ण विकासों से अवगत कराना है।

23. पूर्वी क्षेत्र के अध्यापक प्रशिक्षण कालेजों के चुने हुए अध्यापकों के दल की एक बैठक मनोविज्ञान शिक्षण के उद्देश्यों के निर्माण की दृष्टि से बी० एड० के मनोविज्ञान कार्यक्रम पर विचारविमर्श करने के लिए बुलाई गई। इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए पाठ्यक्रम और शिक्षण विधियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। दस अध्यापक प्रशिक्षकों ने इस विचार-विमर्श में भाग लिया जो पाँच दिन तक चालू रहा।

24. प्रतिवेदन वर्ष में उड़ीसा के अंग्रेजी के अध्यापकों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विचार-विमर्श और अनुस्थापना का मुख्य विषय "बोली जाने वाली अंग्रेजी" था। उच्चारण का ध्यान रखते हुए ध्वनिशास्त्र के मूलतत्वों पर जोर दिया गया। 19 अध्यापकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया जो मार्च 1972 में छः दिनों तक चला।

25. 13 से 22 मार्च 1972 तक पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उड़ीसा, पश्चिमी बंगाल, दिल्ली और चंडीगढ़ संघ क्षेत्रों के प्राथमिक तथा माध्यमिक विस्तार सेवा केन्द्रों के अवैतनिक निदेशकों तथा समन्वय कर्ताओं के लिए एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम दिल्ली में आयोजित किया गया। पाठ्यक्रम के मुख्य उद्देश्य थे: सेवा-कालीन शिक्षा के विकासशील विचारों, तकनीकों, तरीकों, और योजनाओं तथा क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय और राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के विभिन्न विभागों में हुए

अनुसंधान और अध्ययनों, और विभिन्न केन्द्रों में कार्यान्वित हो रहे सेवा-कार्यों के संबंध में अवगत कराना।

26. 6 जुलाई से 9 जुलाई 1971 तक क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय मैसूर ने सहयोगी स्कूलों के अध्यक्षों तथा अध्यापकों के लिए चार-वर्षीय बी० एस सी० एड० और बी० ए० एड० के अध्यापन कार्यक्रम का आयोजन किया। 40 स्कूल अध्यक्षों तथा अध्यापकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। भाग लेने वालों को अध्यापन और मूल्यांकन के वस्तुपरक लक्ष्यों के संबंध में अनुस्थापित किया गया।

27. सहयोगी स्कूलों के अध्यक्षों तथा अध्यापकों के लिए एक वर्षीय बी० एड० के अध्यापन कार्यक्रम में स्थानबद्धता पर एक अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, मैसूर में 10 नवम्बर से 12 नवम्बर 1971 तक हुआ। 73 अध्यक्षों तथा अध्यापकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। भाग लेने वालों ने अध्यापन तथा मूल्यांकन तथा पाठयोजना के वस्तुपरक लक्ष्य के संबंध में विचार-विमर्श किया।

28. पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश राज्यों के अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए विज्ञान और गणित में इन राज्यों के विश्वविद्यालयों द्वारा ग्रहण किए जाने वाले बी० एड० पाठ्यक्रम की योजना तैयार करने के लिए एक सप्ताह का अभि-विन्यास कार्यक्रम तैयार किया गया। यह कार्यक्रम विज्ञान शिक्षा और अध्यापक शिक्षा विभागों ने मिलकर आयोजित किया।

29. राज्य विज्ञान संस्थानों के निदेशकों और दूसरे राज्यों के मुख्य अधि-कारियों को विज्ञान शिक्षण पर प्राथमिक और मिश्रित स्कूलों के लिए विकसित किए गए नए तरीके और पाठ्यक्रम सामग्री के विषय तत्त्व से अवगत कराने के लिए 10 दिन की अवधि का एक अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उनको इन दो स्तरों के विज्ञान शिक्षण किटों और उपकरणों से भी परिचित कराया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्कूल स्तर पर विज्ञान शिक्षण को सुधारने के लिए यूनेस्को-यूनीसेफ-सहायता प्राप्त मार्गदर्शी परियोजना का एक अंग था।

30. कार्यक्रमबद्ध अधिगम पर छठे आनुक्रमिक पाठ्यक्रम का आयोजन जून 1971 में क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, भोपाल में किया गया।

परिशिष्ट 17

विस्तार और क्षेत्र सेवाएँ

1971-72 के दौरान विस्तार और क्षेत्र सेवाओं की व्यवस्था के लिए किए गए कार्य की उन्नति निम्नलिखित पैराग्राफों में दी जाती है :—

1. विस्तार सेवा केन्द्र

देश में चुने हुए अध्यापक प्रशिक्षण संस्थानों में स्थित 95 माध्यमिक और 45 प्राथमिक विस्तार सेवा केन्द्रों का प्रशासनिक और वित्तीय नियंत्रण 1-4-71 से उनकी अपनी राज्य सरकारों को स्थानांतरित किया गया था। तथापि, राज्यों में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के क्षेत्र सलाहकारों द्वारा सीमित मात्रा में उन केन्द्रों को शैक्षणिक मार्ग-दर्शन किया जाना जारी रहेगा। क्षेत्र सलाहकारों द्वारा किए गए मार्ग-दर्शन का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जाता है।

मार्च, 1972 में राजस्थान में विस्तार सेवाओं का वार्षिक सम्मेलन हुआ था। सम्मेलन में विगत वर्ष में अभिप्राप्त अनुभवों की समीक्षा की गई और 1972-73 के लिए कार्यक्रम बनाया गया। क्षेत्र सलाहकार, जयपुर ने सम्मेलन में भाग लेने वालों को 1972-73 के लिए विस्तार सेवा केन्द्रों के कार्यक्रम को अंतिम रूप देने में सहायता प्रदान की। यह निर्णय किया गया कि 1972 के उन कुछ कार्यकलापों को जारी रखा जाए जो प्रायोगिक परियोजनाएँ, विचार-गोष्ठी पठन, संस्थागत योजना, अध्याय प्रदर्शन, परीक्षित पद्धतियों का प्रसार, विद्यालय भाव ग्रंथियों, प्रधानाध्यापकों की गोष्ठी और अध्यापकों के अध्ययन क्षेत्र, मूल्यांकन कार्यक्रम और बालवाड़ी परियोजना जैसे कार्यकलाप विगत में उपयोगी पाए गए थे। क्षेत्र सलाहकार के सुझाव पर सभी भाग लेने वाले इस बात से सहमत हुए कि निम्नलिखित क्षेत्रों में नए कार्यक्रम जारी और विकसित किए जाएँ :—

(क) शिशु शिक्षा का गति स्वरण।

(ख) राष्ट्रीय विकास और सामाजिक एवं आर्थिक दर्जे की शिक्षा में अध्यापकों के योगदान को महसूस करने में सहायता देना।

(ग) शिक्षा-पद्धति की कमियों के बारे में जनमत को सूत्रबद्ध करना जिससे कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति दस्तावेज, 1968 में अन्तर्विष्ट जैसे निर्णयों

को कार्यान्वित कर समाज और सरकार को उन्हें दूर करने के लिए प्रेरित करना।

(घ) शैक्षणिक कार्यकलापों द्वारा राष्ट्रीय एकीकरण।

क्षेत्र सलाहकार (शिलाङ) ने असम सरकार के साथ राज्य में विस्तार सेवा केन्द्रों को अपने अधिकार में लेने के लिए सतत प्रयत्न किए। उसने मणिपुर और त्रिपुरा के विस्तार सेवा केन्द्रों के अवैतनिक निदेशकों और समन्वयकों का मणिपुर सरकार के सहयोग से मार्च, 1972 में इम्फाल में एक सम्मेलन आयोजित किया। उसने सम्मेलन में दो सुझाव दिए, जिनमें से एक "योजना विस्तार कार्यक्रम की तकनीकें" और दूसरा "राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् एवं राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के वर्तमान कार्यक्रमों का इतिवृत्त और संगठन" के बारे में था। क्षेत्र कार्यालय, शिलाङ के प्राध्यापक ने भी "शैक्षणिक विकास में विस्तार केन्द्रों की भूमिका" के बारे में सुझाव दिया। मणिपुर के साथ प्राथमिक विस्तार केन्द्रों के अवैतनिक निदेशकों और समन्वयकों तथा अगरतला के प्राथमिक विस्तार केन्द्रों के समन्वयकों ने सम्मेलन में भाग लिया।

क्षेत्र सलाहकार (त्रिवेंद्रम) ने राज्य स्तरीय सम्मेलन में केरल के माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, विद्यालयों के पर्यवेक्षकों और जिला शिक्षा अधिकारियों को शिक्षा में आधुनिक प्रवृत्तियों और कक्षाओं में उपस्थित होने वाली समस्याओं के बारे में अनुसंधान को प्रोत्साहित करने में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की भूमिका के बारे में अवगत कराया।

क्षेत्र सलाहकार (दिल्ली और उत्तर प्रदेश) ने राज्य में स्थायी आधार पर विस्तार सेवा केन्द्रों को चालू रखने के प्रश्न के बारे में उत्तर प्रदेश सरकार को आश्वस्त किया। उसने अगस्त, 1971 में लखनऊ में हुए वरिष्ठ शिक्षा अधिकारियों के सम्मेलन में भाग लिया। अन्य बातों के साथ-साथ सम्मेलन में राज्य सरकार से यह अनुरोध करते हुए संकल्प पारित किया गया कि केवल विद्यमान प्रसारण सेवा केन्द्रों को ही चालू न रखा जाए अपितु, नए केन्द्र भी खोले जाएँ। क्षेत्र सलाहकार (दिल्ली और उत्तर प्रदेश) ने माध्यमिक विस्तार सेवा केन्द्रों से अवैतनिक निदेशकों और समन्वयकों के लखनऊ और मुजफ्फर नगर में हुए दो क्षेत्रीय सम्मेलनों के विचार-विमर्श में मार्ग दर्शन किया। इन सम्मेलनों में केन्द्रों के अनेक प्रशासकीय और शैक्षिकीय समस्याओं के बारे में विचार-विमर्श हुआ।

क्षेत्र सलाहकार (पंजाब, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़) ने पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ के लिए राज्य स्तरीय सम्मेलनों में शैक्षणिक मार्ग दर्शन की व्यवस्था की। शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव, निदेशक लोक शिक्षण/शिक्षा निदेशक, संयुक्त निदेशक, लोक शिक्षण/संयुक्त शिक्षा निदेशक, प्रधानाध्यापक, अध्यापक, प्रशिक्षण महाविद्यालय, निदेशक, राज्य शिक्षा संस्थान, राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान,

प्रधानाध्यापक, अध्यापक प्रशिक्षण विद्यालय और राज्य मूल्यांकन और मार्ग दर्शन ब्यूरो के सभी प्रधानों ने इन सम्मेलनों में भाग लिया। इन राज्य स्तरीय सम्मेलनों में समस्त राज्यों में शिक्षा के क्षेत्र में विस्तार कार्य को ध्यान में रखते हुए समस्त भाग लेने वालों के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इन सम्मेलनों में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् और शिक्षा के राज्य विभागों के आपसी सम्बन्धों पर भी विचार-विमर्श किया गया। क्षेत्र सलाहकार ने पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ में विस्तार सेवा-केन्द्रों के अवैतनिक निदेशकों और समन्वयकों का सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में 20 अवैतनिक निदेशकों और समन्वयकों ने भाग लिया। सम्मेलन के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित थे :—

(क) पिछले दो वर्षों के दौरान किए गए कार्य की समीक्षा;

(ख) विस्तार कार्य को क्रियात्मक बनाने तथा उन्हें कक्षा की आवश्यकताओं के अनुकूल करने की दृष्टि से अगले वर्ष के लिए कार्य की योजना तैयार करना;

(ग) राज्य के विभिन्न विस्तार अभिकरणों के मध्य समन्वय का अध्ययन;

(घ) केन्द्रों के सामने आई कुछ प्रशासनिक और वित्तीय समस्याओं का अध्ययन;

(ङ) विभिन्न राज्यों में शिक्षा की प्रवृत्तियों पर विचार-विमर्श; और

(च) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् से विभिन्न विस्तार सेवा केन्द्रों की सम्भावनाओं को सुनिश्चित करना।

क्षेत्र सलाहकार (पंजाब, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़) ने, क्षेत्र सलाहकार (दिल्ली और उत्तर प्रदेश) के सहयोग से 13 से 22 मार्च, 1972 तक दिल्ली में प्राथमिक और माध्यमिक विस्तार केन्द्रों के अवैतनिक निदेशकों और समन्वयकों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन किया। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा और पश्चिमी बंगाल राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों दिल्ली और चंडीगढ़ के अवैतनिक निदेशकों और समन्वयकों ने पाठ्यक्रम में भाग लिया। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य, इस में भाग लेने वालों को सेवारत शिक्षा की विकासशील भावना, पद्धति और शैली तथा क्षेत्र और कौशल से परिचित कराना था। भाग लेने वालों को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के अंशकृत-एककों में आयोजित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों, अनुसंधानों और अध्ययनों के बारे में तथा विभिन्न विस्तार केन्द्रों में किए जा रहे प्रसारण कार्यों के विशिष्ट पहलुओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

क्षेत्र सलाहकार (पंजाब, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश

और चंडीगढ़) ने दिल्ली में अश्रेणीकृत पद्धति के बारे में एक कार्य शिविर आयोजित किया। भाग लेने वालों ने अवशिष्ट और स्थिरता को कम करने के लिए और विद्यार्थियों को उनके अपनी गति से पठन का अवसर प्रदान करने के लिए नए तकनीक के रूप में अश्रेणीकृत पद्धति को प्रयोग करने के बारे में विचार-विमर्श किया। भाग लेने वालों ने इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक पद्धति का विकास किया। उन्होंने अश्रेणीकृत पाठशाला की विचारधारा को स्पष्ट किया और पाठ्यक्रम, कक्षा स्थितियों का संगठन और प्रशासन, परीक्षा और मूल्यांकन पद्धतियों, अध्यापन के तरीके, क्रमिक कार्यों की तैयारी, विद्यार्थी अध्यापक और निरीक्षकों के लिए प्रशासनिक निहितार्थों और स्वाध्याय सामग्री की तैयारी में उसके निहितार्थों की जाँच की। भाग लेने वालों ने भाषा, गणित और विज्ञान में आदर्श एककों को भी विकसित किया। यह प्रस्तावित किया जाता है कि इन एककों को पुनरीक्षित किया जाए और आगे के विकास के लिए प्रयुक्त किया जाए। विचार-विमर्श के दौरान अश्रेणीकृत पद्धति के एक तृतीय पहलू की ओर भी भाग लेने वालों का ध्यान केन्द्रित हुआ। यह प्राथमिक अवस्था में शिक्षा के सर्वसामान्यीकरण के लक्ष्य को अभिप्राप्त करने में सहायता देने में इसकी दक्षता के सम्बन्ध में है।

क्षेत्र सलाहकार भुवनेश्वर ने अण्डमान और निकोबार द्वीप समूहों के विद्यालयों में कक्षाओं में दिए जाने वाले अनुदेशों में सुधार के लिए दो कार्यक्रम आयोजित किए। उसने 13 से 15 जुलाई, 1971 और 27 जुलाई, 1971 को क्रमशः पटना और कलकत्ता में हुए दो सम्मेलनों में, जिनमें बिहार और पश्चिम बंगाल राज्यों से विस्तार सेवा केन्द्रों (प्राथमिक और माध्यमिक दोनों) के अवैतनिक निदेशक और समन्वयकों ने भाग लिया, विचार-विमर्शों का मार्गदर्शन किया। क्षेत्र सलाहकार ने भाग लेने वालों को 1972-73 के लिए उनके केन्द्रों के बारे में कार्यक्रम बनाने में सहायता प्रदान की।

क्षेत्र सलाहकार, भोपाल ने महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश की सरकारों को विस्तार सेवा केन्द्रों के यथोचित प्रबन्ध ग्रहण में सहायता प्रदान की। उसने महाराष्ट्र सरकार से यह आग्रह किया कि वह राज्य के प्रत्येक जिले में प्रसारण केन्द्र प्रारम्भ करे। उसने उस समिति को भी सहायता प्रदान की जो गुजरात सरकार द्वारा राज्य में विस्तार केन्द्रों के पुनर्गठन के प्रश्न पर विचार करने के लिए गठित की गई थी।

2. विचार गोष्ठी पठन

1971-72 के दौरान, 17 राज्यों और 3 संघ राज्य क्षेत्रों से विचार गोष्ठी पठन कार्यक्रम की नवीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए 154 पत्रक प्राप्त हुए थे। इनमें से प्रारम्भिक मूल्यांकन के आधार पर, जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान और क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों के दो जाँच कर्ताओं द्वारा प्रत्येक पत्रक की स्वतंत्र रूप से जाँच की गई थी, 65 पत्रक अंतिम जाँच-पड़ताल के लिए छाँटे गए। इन 65 पत्रकों की पुनः दो जाँच कर्ताओं द्वारा अंतिम रूप से जाँच की गई। पूर्णतः योग्यता

के आधार पर, 30 पत्रक राष्ट्रीय स्तर पर छाँटे गए। राष्ट्रीय आपात स्थिति के कारण, पारितोषिक लेने वालों का वार्षिक राष्ट्रीय समारोह नहीं मनाया जा सका और प्रत्येक को प्रशस्ति पत्र तथा 500/- रु० का नकद पारितोषिक डाक द्वारा भेजा गया। पारितोषिक के लिए चुने गए 30 पत्रकों का विषय-वार विवरण निम्नलिखित था :—

(i)	विज्ञान, आधुनिक गणित, अंग्रेजी और हिन्दी जैसे विद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विषयों के अध्यापन में सुधार	14
(ii)	कक्षा स्थितियों के सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार की समस्याओं का संपरीक्षण	9
(iii)	शिक्षा में सामाजिक अवयव	2
(iv)	शिक्षा प्रशासन	1
(v)	जाँच और परीक्षाएँ	2
(vi)	पाठ्यक्रम-बाह्य-कार्यकलाप	1
(vii)	पाठ्यपुस्तकों का विश्लेषण	1
	योग	30

3. विचार गोष्ठियाँ, कार्यशिविर, सभाएँ, सम्मेलन आदि

1971-72 के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में अनेक विचार गोष्ठियाँ, कार्यशिविर, सभाएँ, सम्मेलन आदि आयोजित किए गए थे जिनका संक्षेप में विवरण नीचे दिया जाता है :—

(i) राज्य शिक्षा संस्थानों के कार्मिकों के लिए 13 से 25 सितम्बर, 1971 तक दिल्ली में तृतीय विचारगोष्ठी-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम का मुख्य प्रयोजन पाठ्यक्रम, पाठ्यसामग्री और पद्धति, मूल्यांकन, अध्यापन-साधन आदि के क्षेत्र में नए विचारों और नूतन विषयों के बारे में विचार-विमर्श करना था। "सटेलाइट्स कम्यूनिकेशन एण्ड इट्स इम्प्लीकेशंस फॉर एजूकेशन एट दि प्राइमरी एण्ड सेकेण्डरी स्टेजेज" (प्राथमिक और माध्यमिक अवस्थाओं में शिक्षा के लिए उपांश संचार और उसकी विवक्षाएँ) के बारे में श्री रमेश चन्द्र, इंचार्ज दूरदर्शन (उपांश), आकाशवाणी द्वारा वार्ता, इस कार्यक्रम का एक अंग बनी। लगभग समस्त राज्य शिक्षा संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाले 24 व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने अपने संस्थानों के बारे में महत्वपूर्ण कार्यक्रमों पर भी विचार-विमर्श किया।

(ii) परिषद् द्वारा अध्यापक शिक्षा के लिए राज्य बोर्ड, गुजरात के सह्-योग से 31-5-1971 से 5-6-1971 तक गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद में गुजरात राज्य के स्नातक आधारित प्रशिक्षण केन्द्रों (ग्रेज्युएट बेसिक ट्रेनिंग सेन्टर्स) के प्रधानाध्यापकों, प्राध्यापकों के लिए विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। 6 स्नातक आधारित प्रशिक्षण केन्द्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले 26 व्यक्तियों ने इस विचार गोष्ठी में भाग लिया। इन केन्द्रों के लिए विकसित संशोधित पाठ्यक्रम और उसके कार्यान्वयन के विवरणों के बारे में भी भाग लेने वालों द्वारा विचार-विमर्श किया गया।

(iii) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् तथा अध्यापक शिक्षा के बारे में राज्य बोर्ड, गुजरात के सम्मिलित तत्वावधान में, गुजरात में बी० एड० की शिक्षा के महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए 1 से 4 जून, 1971 तक गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद में सम्मेलन आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन में पाठ्यक्रम का पुनरीक्षण, मूल्यांकन पद्धतियों का सुधार और अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्य पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ।

(iv) बी० एड० पाठ्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए शिक्षा विभाग, गौहाटी विश्वविद्यालय में 2 जुलाई, 1971 से 8 जुलाई, 1971 तक कार्यशिविर आयोजित किया गया था। इस कार्यशिविर में गौहाटी और डिब्रूगढ़ विश्व-विद्यालयों से 20 अध्यापक शिक्षकों ने भाग लिया। इन दो विश्वविद्यालयों में जनवरी, 1972 से प्रारम्भ होने वाले शिक्षा-सत्र से अपनाए जाने और कार्यान्वित किए जाने वाले बी० एड० पाठ्यक्रम के अधिकतर भाग को अंतिम रूप दिया गया था।

(v) विज्ञान के अध्यापक शिक्षकों के अनुस्थापन के लिए राजकीय शिक्षा महाविद्यालय, चंडीगढ़ में 4 से 16 अक्तूबर, 1971 तक विचार गोष्ठी सह्-कार्य-शिविर का आयोजन किया गया था। हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ के शिक्षा महाविद्यालय के विज्ञान के प्राध्यापकों ने इस कार्यशिविर में भाग लिया। "साधारण विज्ञान का अध्यापन" के पाठ्यक्रम को 9 एककों में विभाजित किया गया और प्रत्येक एकक के लिए अध्यापक-मार्गदर्शन तैयार किया गया।

(vi) क्षेत्रीय अंग्रेजी संस्थान, चंडीगढ़ के सहयोग से 27 सितम्बर, से 9 अक्तूबर, 1971 तक अंग्रेजी के अध्यापन के बारे में विचार गोष्ठी-सह्-कार्यशिविर का आयोजन किया गया था। पंजाब, गुरुनानक, कुरुक्षेत्र और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालयों में बी० एड० के महाविद्यालयों में अंग्रेजी के 27 कार्यरत प्राध्यापकों ने विचार गोष्ठी में भाग लिया। विचार गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य अध्यापक शिक्षकों को सुपद्धतियों और शैलियों के नए पाठ्यक्रम के अध्यापन में स्थिति ज्ञान कराना था। भाग लेने वालों ने यह सिफारिश की कि अंग्रेजी के अध्यापन में आधुनिक शैलियों के मूल्यांकन को बी०एड० के कार्यक्रम में भी चालू किया जाना चाहिए।

(vii) गणित के अध्यापन के बारे में राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान के अध्यापक शिक्षा विभाग और विज्ञान शिक्षा विभाग ने सम्मिलित रूप से दिल्ली में 13 से 25 मार्च, 1972 तक विचार गोष्ठी-सह्-कार्यशिविर का आयोजन किया। पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश से गणित के 15 अध्यापक शिक्षकों ने इस कार्यशिविर में भाग लिया।

विचार गोष्ठी में नए गणित के संदर्भ में निम्नलिखित विषयों पर विचार-विमर्श किया गया :—

(क) संख्या पद्धति

(ख) संबंध और कृत्य

(ग) सैट

(घ) आधार पद्धति

(ङ) प्रतीकात्मक तर्क

(च) प्रमाण की प्रकृति

(छ) ज्यामिति सिद्धान्त और अज्यामिति-सैद्धान्तिक रेखागणित

(ज) बीजगणितीय पद्धति

(झ) संगणक गणित

(ञ) गणित पाठ्यक्रम

(ट) गणित मूल्यांकन।

(viii) माध्यमिक पाठशालाओं में प्रायोगिक परियोजनाओं का मार्गदर्शन करने के लिए साधन-स्रोत कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु 15 से 20 सितम्बर, 1971 तक क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, भुवनेश्वर में कार्यशिविर का आयोजन किया गया। कार्यशिविर में विभिन्न राज्यों के 18 व्यक्तियों ने भाग लिया।

(ix) पाठशाला के अध्यापकों में सुधारीकृत अध्यापन साधनों को तैयार करने और उनके प्रयोग में जागरूकता का सर्जन करने और जागृति का बोध कराने के लिए प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु 1970-71 में एक प्रायोजना आरंभ की गई थी। रिपोर्टाधीन कालावधि के दौरान प्रायोजना को दैनिक अंग्रेजी समाचार-पत्रों में विज्ञापित किया गया और प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित की गईं। लगभग 300 विवरणात्मक रूपरेखाएँ प्राप्त की गई थीं। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ समिति ने सात साधनों की, प्रत्येक को 250 रुपये के मूल्य के राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए, अंतिम रूप से सिफारिश की।

(x) प्राइवेट उत्पादकों को देश की पाठशालाओं द्वारा अपेक्षित मानक श्रव्य-दृश्य साधनों के उत्पादन हेतु प्रोत्साहित करने की दृष्टि से राष्ट्रीय पुरस्कार

देने की एक और प्रायोजना विगत वर्ष में बनाई गई है। 1971-72 वर्ष के दौरान इस परियोजना को 10 दैनिक अंग्रेजी समाचार-पत्रों में विज्ञापित किया गया था। परिषद् द्वारा नियुक्त की गई विशेषज्ञ समिति ने 500 रुपए प्रति प्रथम पुरस्कार हेतु दो अनुदानों और 250 रुपए प्रति द्वितीय पुरस्कार हेतु सात अनुदानों की सिफारिश की।

(xi) रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान परिषद् के केन्द्रीय फिल्म फिल्मालय में 134 फिल्में सम्मिलित की गईं जिससे फिल्मालय में उपलब्ध फिल्मों की कुल संख्या 7,098 हो गई। वर्ष के दौरान फिल्मालय ने अपने सदस्य संस्थानों को 10843 फिल्म और 141 फिल्म स्ट्रिपों को जारी किया।

(xii) केन्द्रीय कस्टम विभाग ने बिना किसी लागत के परिषद् को अनेक जब्त की हुई फिल्में प्रदान कीं। इन फिल्मों की जाँच करवाई जा चुकी है और केन्द्रीय फिल्मालय के माध्यम से परिचालित की जा रही हैं।

(xiii) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् ने भारतीय मानक संस्था के सहयोग से फिल्म स्ट्रिप-कम-स्लाइड-प्रोजेक्टर के निर्माण लिए मानक को अंतिम रूप दिया है। इस मानक को विस्तृत रूप से परिचालित किया गया था ताकि विनिर्माता स्वदेशीय सामान से इसका उत्पादन कार्य प्रारम्भ कर सकें।

(xiv) भाषा के बारे में मौलिक अनुसंधान पर द्वितीय राष्ट्रीय विचार गोष्ठी, संस्कृत महाविद्यालय, वाराणसी में मार्च, 1972 को हुई थी। दर्शन, व्याकरण और कविता के संबंध में भारतीय विचारधाराओं के विभिन्न शाखाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 25 साहित्य कर्मज्ञों ने विचार गोष्ठी में भाग लिया। भाग लेने वाले लोगों द्वारा विचार गोष्ठी में अभिव्यक्त किए गए विचारों का संकलन किया जा रहा है और उनको पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

(xv) अक्तूबर, 1971 में दिल्ली में जनसंख्या शिक्षा के बारे में अखिल भारतीय सम्मेलन आयोजित किया गया था। सम्मेलन में निदेशक, लोक शिक्षण शिक्षा निदेशक और विभिन्न राज्यों संघ राज्यों के शिक्षा संस्थानों, के निदेशकों ने भाग लिया। इस सम्मेलन का मुख्य प्रयोजन सम्मेलन में भाग लेने वालों को परिषद् द्वारा जनसंख्या शिक्षा के बारे में तैयार किया गया पाठ्यक्रम और अन्य सामग्री से अवगत कराना था। सम्मेलन ने विद्यालयों और अध्यापक-शिक्षण संस्थानों में जनसंख्या शिक्षा के अध्यापन के लिए उपयोगी सिफारिश की। सम्मेलन ने यह भी सिफारिश की है कि विद्यालयों में अध्ययन न करने वाले व्यक्तियों को जनसंख्या शिक्षा के बारे में अनुदेश देने के लिए कार्यक्रम को विकसित किया जाए। सम्मेलन की रिपोर्ट अब मुद्रित हो चुकी है।

(xvi) वर्ष के दौरान, सेवापूर्व और सेवा में प्रशिक्षण पा रहे अध्यापकों

के लिए जनसंख्या शिक्षा के पाठ्यक्रम के विकास हेतु कार्यशिविर आयोजित किया गया था।

(xvii) ग्रामीण बालवाड़ी की विचारधारा और लक्ष्यों को विकसित करने के लिए और कुछेक महत्वपूर्ण कार्यकलापों/कार्यक्रम जो इसके द्वारा किए जाने चाहिए, का सुझाव देने के लिए अखिल भारतीय कार्यशिविर का आयोजन किया गया था। इस कार्य शिविर के परिणामस्वरूप "बालवाड़ी अध्यापकों के लिए पुस्तिका" लिखी गई थी। इस पुस्तिका के प्रारूप को कार्यकारी दल द्वारा अंतिम रूप दिया गया और मुद्रण के लिए भेजा गया।

(xviii) शिक्षा की प्रारम्भिक अवस्था के लिए न्यूनतम पाठ्यक्रम मानक को विकसित करने के लिए अखिल भारतीय कार्यशिविर को आयोजित किया गया था जिसमें राज्य शिक्षा विभाग, राज्य शिक्षा संस्थान और प्राथमिक शिक्षा में गैर-सरकारी विशेषज्ञों आदि के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशिविर में दस दिन तक विचार-विमर्श जारी रहा और उसकी परिणति प्रारम्भिक अवस्था में अध्यापन कार्य के सिद्धान्तों में हुई। यह प्रस्तावित किया गया है कि इस पाठ्यक्रम को विकसित करने के लिए आगे जाँच की जाए।

(xix) प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के मूल्यांकन के लिए उपयुक्त मापदण्ड विकसित करने के लिए वर्ष के दौरान अखिल भारतीय कार्यशिविर का आयोजन किया गया था। इस कार्यशिविर में साधारण मापदण्ड बनाए गए और विभिन्न पाठ्यक्रमों में उसके प्रभाव के बारे में भी रूपरेखा बनाई गई। मापदण्ड के प्रयोग के लिए एक प्रारूप निर्देशिका भी तैयार की गई थी।

(xx) लोनी खण्ड (मेरठ जिला) में अश्रेणीकृत विद्यालय पद्धति के बारे में प्रायोगिक परियोजना के संबंध में 1971-72 के दौरान निम्नलिखित कार्यशिविर/विचारगोष्ठियाँ आयोजित की गई थीं :—

(क) साधारण विज्ञान, कला और दस्तकारी में अध्यापन एककों को तैयार करने के लिए कार्यशिविर।

(ख) अश्रेणीकृत विद्यालय पद्धति के बारे में विचार गोष्ठी।

(ग) गणित में अध्यापन एककों को तैयार करने के लिए कार्यशिविर।

(घ) हिन्दी में अध्यापन एककों को तैयार करने के लिए कार्यशिविर।

उत्तर प्रदेश में तीसरी से पाँचवीं कक्षाओं के लिए विषय विवरण को ध्यान में रखते हुए इन कार्यशिविरों में विभिन्न विषयों में अध्यापक एकक तैयार किए गए थे।

(xxi) वर्ष के दौरान पिछड़े लोगों की प्राथमिक, माध्यमिक और व्यावसायिक शिक्षा के बारे में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

(xxii) प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए शब्दावली बनाने के लिए साधनों को विकसित करने के लिए कार्यशिविर का आयोजन किया गया। कार्यशिविर में चार प्रकार की शब्दावली, अर्थात् सुनने, बोलने, पढ़ने और लिखने के लिए साधन विकसित किए गए थे। बोली हुई और लिखी हुई शब्दावली के लिए साधनों को कुछ विद्यालयों में किए गए प्रयोग को ध्यान में रखकर संशोधित किया गया था।

(xxiii) 1971-72 के दौरान प्राथमिक स्तर पर बरबादी और स्थिरता को कम करने के लिए कार्य में परिणत किए जाने वाले कार्यक्रमों पर अखिल भारतीय कार्यशिविर आयोजित किया गया। राज्य शिक्षा विभाग, शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, जिला शिक्षा समिति, नगर निगमों और समितियों इत्यादि के प्रतिनिधियों ने इस कार्यशिविर में भाग लिया।

(xxiv) कन्या शिक्षा के प्रकार और प्रमात्रा पहलुओं को सुधारने के लिए विभिन्न राज्यों में दस राज्यस्तरीय विचार गोष्ठियाँ आयोजित की गईं। इन विचार गोष्ठियों की सिफारिशें संबंधित राज्यों द्वारा कार्यान्वित की जा रही हैं।

(xxv) प्राथमिक शिक्षा पर 10वीं राष्ट्रीय विचार गोष्ठी की सिफारिशों के अनुसरण में, 1971-72 में विभिन्न राज्यों में 12 राज्यस्तरीय विचार गोष्ठियाँ आयोजित की गईं। इन विचार गोष्ठियों की सिफारिशों पर, प्राथमिक शिक्षा पर अप्रैल, 1972 में होने वाली 11वीं राष्ट्रीय विचार गोष्ठी में विचार विमर्श किया जाएगा। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, 11वीं राष्ट्रीय विचार गोष्ठी में प्रयोग के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कार्य की प्रगति के कार्यशील पेपरों, आधारभूत सामग्री और समाकलित रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया गया।

(xxvi) पश्चिम बंगाल और बिहार के कृषि अध्यापकों के लिए क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, भुवनेश्वर में फार्म युवकों के लिए 22-10-1971 से 27-10-1971 तक व्यावसायिक कार्य अनुभव पर कार्यशिविर आयोजित किया गया।

(xxvii) पूर्वी क्षेत्र में अवस्थित केन्द्रीय विद्यालयों के सामाजिक ज्ञान के अध्यापकों के लिए श्रव्य-दृश्य शिक्षा पर कार्यशिविर आयोजित किया गया। भाग लेने वाले आठ व्यक्ति 7 दिनों के लिए कार्यशिविर में उपस्थित रहे और सामाजिक ज्ञान के अध्यापन को प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न साधन बनाए। बच्चों में राष्ट्रीय एकीकरण की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए परिषद् द्वारा तैयार किए गए महात्मा गांधी इत्यादि पर विशेष किट का भी कार्यशिविर में प्रयोग किया गया।

(xxviii) संस्थागत योजना के बारे में, पूर्वी क्षेत्र के स्कूलों के मुख्याध्यापकों और शिक्षा निदेशालय के अधिकारियों के लिए, एक कार्यशिविर आयोजित किया

गया। लगभग 15 व्यक्तियों ने 5 दिन के लिए कार्यशिविर में भाग लिया और गुणात्मक सुधार को केन्द्रीभूत करते हुए उचित संस्थागत योजनाएँ तैयार कीं।

(xxix) माध्यमिक स्कूलों में कार्य अनुभव प्रारम्भ किए जाने की सम्भावनाओं को समन्वेपित करने के लिए, उड़ीसा-स्कूलों के मुख्याध्यापकों और अध्यापकों के लिए कार्य-अनुभव के बारे में चार दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्य-अनुभव की धारणा और उन तरीकों पर, जिनसे इसे स्कूलों में कार्यान्वित किया जा सके है, कार्य शिविर में विचार विमर्श किया गया।

(xxx) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् ने पूर्वी क्षेत्र के जिला शिक्षा अधिकारियों/स्कूल-निरीक्षकों और राज्य शिक्षा संस्थानों के निदेशकों का, शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय के सहयोग से, 29 अक्तूबर, से 1 नवम्बर, 1971 तक क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, भुवनेश्वर में एक सम्मेलन आयोजित किया। बिहार, पश्चिमी बंगाल, उड़ीसा और नागालैण्ड से 38 व्यक्तियों ने सम्मेलन में भाग लिया। केन्द्रीय शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, एशियाई शैक्षिक योजना और प्रशासन संस्थान, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के प्रतिनिधियों ने भी सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन का प्रयोजन, इसमें भाग लेने वालों को स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में नए विचारों और परिवर्तनों के अनुकूल बनाना था।

(xxxi) सहकारी स्कूलों के प्राचार्यों/मुख्याध्यापकों और विषय अध्यापकों का एक सम्मेलन नवम्बर, 1971 में क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, भुवनेश्वर में आयोजित किया गया। पूर्वी क्षेत्र में स्कूलों के 30 प्राचार्यों/मुख्याध्यापकों और विषय-अध्यापकों ने सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन का प्रयोजन, उसमें भाग लेने वालों को पर्यवेक्षण और विद्यार्थी-अध्यापकों की पारस्परिकता के मूल्यांकन के अनुकूल बनाना था।

(xxxii) क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, भोपाल द्वारा ग्रीष्मकालीन पाठ्यक्रमों के पर्यवेक्षकों के लिए, नागपुर, पूना, बड़ोदा, ग्वालियर और इन्दौर में, सम्मेलन आयोजित किया गया।

(xxxiii) क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, भोपाल द्वारा सहकारी विद्यालयों के मुख्याध्यापकों और अध्यापकों के लिए 24 से 26 अक्तूबर, 1971 तक एक सम्मेलन आयोजित किया गया।

(xxxiv) शिक्षा और विज्ञान संकायों के अध्यक्षों तथा पश्चिमी क्षेत्र के विज्ञान पद्धति आचार्यों का, 4 से 6 नवम्बर, 1971 तक, क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय भोपाल में सम्मेलन हुआ।

(xxxv) क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय, भोपाल द्वारा, 13 से 15 मार्च,

1972 तक राज्य शिक्षा संस्थान, पूना में परिषद् के क्षेत्रीय सलाहकार (भोपाल) के सहयोग से निम्नलिखित सम्मेलन/सभाएं आयोजित की गईं :—

(क) पाठ्य पुस्तक निगमों के अध्यक्षों का क्षेत्रीय सम्मेलन,

(ख) राज्य शिक्षा संस्थानों के निदेशकों का क्षेत्रीय सम्मेलन,

(ग) श्रव्य-दृश्य शिक्षा के बारे में क्षेत्रीय सम्मेलन,

(घ) अध्यापक-शिक्षा के राज्य बोर्डों के सचिवों की क्षेत्रीय सभाएँ, और

(ङ) लोक शिक्षण के निदेशकों/शिक्षा निदेशकों की क्षेत्रीय सभा।

(xxxvi) परिषद् ने पाठ्यपुस्तक उत्पादन और मूल्यांकन के बारे में सामग्री के विकास और प्रचार के अपने कार्यक्रम के अधीन रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान सामान्य विज्ञान, समाजशास्त्र और द्वितीय भाषा की पुस्तकों के निर्माण और मूल्यांकन के सिद्धान्त और पद्धतियों पर ब्रोशर तैयार किए। इनके अतिरिक्त अनुपूरक पठन मूल्यांकन तंत्र भी, अपनी निर्देशिका (अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में) के साथ, मुद्रित किया गया। निम्नलिखित अन्य सामग्री भी साइक्लोस्टाइल्ड कर, देश में सम्बन्धित अभिकरणों को परिचालित की गई :—

(क) पुस्तक उत्पादन में आधुनिक प्रबन्ध तकनीक के बारे में तीन प्रलेख,

(ख) पाठ्यपुस्तकों के बारे में पठनीय सामग्री से सम्बन्धित आठ प्रलेख, और

(ग) पाठ्य सामग्री के माध्यम से कुछेक अध्यापन एकक।

(xxxvii) पाठ्यपुस्तक अभिकरणों से, विभिन्न स्कूल-विषयों के पाठ्य-पुस्तक लेखकों और समीक्षकों के बारे में, सूचना एकत्र करने के लिए कदम उठाए गए। इस प्रकार प्राप्त सामग्री के आधार पर एक निर्देशिका संग्रहीत की जा रही है। समय समय पर, राज्य अभिकरणों और केन्द्रीय शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय को इस संग्रह में से सम्बन्धित जानकारी की आपूर्ति द्वारा सहायता की गई।

(xxxviii) रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, परिषद् द्वारा गठित पाठ्य सामग्री का राष्ट्रीय केन्द्र ने देश के विभिन्न भागों तथा विदेशों से पाठ्यपुस्तकें और पाठ्य सामग्री प्राप्त करने का कार्य जारी रखा। प्राप्त की गई पाठ्य पुस्तकों तथा सामग्री की सूची तैयार कर उसे केन्द्र के स्टाक में जोड़ दिया गया। केन्द्र को विभिन्न प्रकार से प्रयोग में लाया गया, जैसे पुस्तक-प्रदर्शनियों की व्यवस्था करना, लेखकों द्वारा परामर्श किया जाना और समीक्षा के प्रयोजनों के लिए पुस्तकों की आपूर्ति करना।

(xxxix) उत्तर क्षेत्र के अध्यापक शिक्षकों और पार्षदों के लिए कक्षा में

समाजमिति के बारे में, अक्टूबर 1971 में श्रीनगर में एक कार्यशिविर आयोजित किया गया। जम्मू और कश्मीर, हरयाणा, पंजाब, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश राज्यों के 22 व्यक्तियों ने कार्यशिविर में भाग लिया।

(xl) राज्य मार्गदर्शन ब्यूरो के प्रधानों की सिफारिश के अनुसरण में, 1971-72 में मार्गदर्शन किट के मूलादर्श के विकास हेतु एक पाँच-दिवसीय कार्य-शिविर आयोजित किया गया। इसमें 12 राज्यों के प्रतिनिधियों और दिल्ली के 7 मार्गदर्शक कार्मकारों ने भाग लिया। कार्यशिविर की रिपोर्ट तैयार की जा रही है जिसमें मार्गदर्शन किट की अर्न्तवस्तु का विस्तृत विवरण होगा।

(xli) रोजगार और शिक्षा, महानिदेशालय, नई दिल्ली के सहयोग से 2 और 3 जून, 1979 को दिल्ली में व्यावसायिक मार्गदर्शन और अभिरुचि परीक्षण पर एक अखिल भारतीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में इन विषयों पर विचार-विमर्श किया गया:— (i) व्यावसायिक मार्गदर्शन करने से संबंधित विभिन्न अभिकरणों में सहयोग और (ii) अभिरुचि परीक्षणों के विकास के लिए विभिन्न अभिकरणों में सहयोग, प्रमुखतः अमरीकी नियोजन सेवा की परीक्षण-माला की साधारण अभिरुचि को भारतीय वातावरण में अंगीकार करना। विभिन्न राज्यों/संघ-राज्य क्षेत्रों के लोकशिक्षण निदेशालयों राज्य शिक्षा निदेशालयों के प्रतिनिधियों, नियोजन निदेशकों, शैक्षिक और व्यावसायिक मार्गदर्शन के राज्य ब्यूरो के प्रधानों, नियोजन और प्रशिक्षण महानिदेशालय के अधिकारियों, योजना आयोग, केन्द्रीय शिक्षा और समाज सेवा मंत्रालय और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् ने सम्मेलन में भाग लिया।

(xlii) पत्राचार के माध्यम से परिपद् की मार्गदर्शन प्रयोगशाला ने बड़ी संख्या में व्यक्तियों को व्यावसायिक और शैक्षिक जानकारी दी।

(xliii) 'विज्ञान अध्यापन के लिए नए अधिगम, पर एक द्विदिवसीय विचार-गोष्ठी 20 और 21 अगस्त, 1971 को आयोजित की गई। विचारगोष्ठी में मैसूर के हाई स्कूलों के 22 विज्ञान-अध्यापकों ने भाग लिया। विशेषज्ञों द्वारा प्रदर्शन पाठ दिए गए जिनके पश्चात् भाग लेने वालों में विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम का दूसरा पहलू विज्ञान अध्यापन के लिए सुधरे उपकरणों का प्रयोग करना था।

(xliv) पाठ-आयोजना में मैसूर शहर के प्राथमिक अध्यापक शिक्षकों को अनुस्थान हेतु सरकारी अध्यापक प्रशिक्षण संस्थान, मैसूर में एक कार्यशिविर आयोजित किया गया। कार्यशिविर में 72 अध्यापक शिक्षकों ने भाग लिया। पाठ रेखांकनों में आचरणात्मक निष्कर्षों के बारे में उद्देश्यों और विनिर्दिष्टाओं का वर्णन किया गया था जिन्हें अंग्रेजी, कन्नड़, सामाजिक विज्ञान, सामान्य विज्ञान और गणित में भाग लेने वालों ने तैयार किया था।

(xlv) कोयम्बटूर के हाई स्कूलों के कुछ प्रधानों के अनुरोध पर, कोयम्बटूर के अध्यापकों के लिए 26 से 28 अक्टूबर 1971 तक अन्वेषण द्वारा जीव-विज्ञान पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। विचार गोष्ठी में 18 अध्यापकों ने भाग लिया।

(xlvi) तुमकूर के स्कूल प्राधिकारियों के अनुरोध पर, तुमकूर के अध्यापकों के लिए 4 से 9 नवम्बर, 1971 तक जीव-विज्ञान का अध्यापन पर एक त्रि-दिवसीय विचार गोष्ठी आयोजित की गई। विचार गोष्ठी में 15 अध्यापकों ने भाग लिया।

(xlvii) सालेम के स्कूल प्राधिकारियों के अनुरोध पर सालेम के अध्यापकों के लिए 9 से 11 दिसम्बर, 1971 तक जीव विज्ञान का अध्यापन पर एक विचार-गोष्ठी आयोजित की गई। विचार गोष्ठी में 43 अध्यापकों ने भाग लिया।

(xlviii) मसूर शहर के माध्यमिक स्कूलों के अध्यापकों के लिए, संरचनात्मक अधिगम और व्याकरण अध्यापन पर विशिष्ट जोर देते हुए 'अंग्रेजी अध्यापन की आधुनिक पद्धतियां' पर पाँच-दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में 18 अध्यापकों ने भाग लिया।

(xlix) विज्ञान शिक्षा के राज्य संस्थानों के निदेशकों/सम्पर्क अधिकारियों का, बिभिन्न राज्यों में विज्ञान-शिक्षण के लिए प्रायोगिक परियोजना के, जिसमें यूनीसेफ ने सहायता प्रदान की है, कार्यान्वयन के बारे में की गई प्रगति पर विचार-विमर्श करने तथा भावी कार्यक्रम के विकास के लिए, 20 और 21 जुलाई, 1971 को, दो-दिवसीय सम्मेलन हुआ।

परिशिष्ट 18

राज्यों तथा संघ क्षेत्रों के साथ सहयोग
(1971-72)

1971-72 के दौरान राज्य सरकारों तथा परिषद् के बीच सहयोग के सूचना कार्यक्रमों का एक संक्षिप्त ब्यौरा नीचे दिया जा रहा है :

(1) विज्ञान की शिक्षा में सुधार

सभी विज्ञान-विषयों में प्राथमिक और मिडिल स्कूल के स्तर पर पाठ्यक्रम और शैक्षणिक सामग्री, प्राथमिक विज्ञान एवं माध्यमिक स्कूल किट सप्लाई करने और राज्यों तथा संघ क्षेत्रों को प्रयोगात्मक स्कूलों के शिक्षकों के लिए अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने में सहायता देने के लिए आधार कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति के रूप में सहयोग प्रदान किया गया। सभी अहिन्दी भाषी राज्यों को उनके द्वारा तैयार किए गए भाषा रूपांतरों में प्रयोग के लिए विज्ञान पाठ्यपुस्तकों के लिए चित्र भी प्रदान किए गए। उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश तथा दिल्ली के प्रदेशों/संघ राज्यक्षेत्रों को पाठ्यपुस्तकों के हिन्दी भाषान्तर प्रदान किए गए। वर्ष के दौरान कुल 96,5000 (प्राथमिक 16950 और माध्यमिक 79550) पाठ्यपुस्तकें प्रदान की गई। इसके अलावा राज्यों के अनुरोध पर उन्हें अंग्रेजी में अध्यापक दर्शिकाएँ भी प्रदान की गई। राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को 3435 प्राइमरी विज्ञान तथा मिडिल स्कूल स्तर के लिए किट भी प्रदान किए गए। यूनीसेफ से प्राप्त आवरण और भीतर के कागज को भी राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को वितरित किया गया। प्रयोगशाला उपकरण राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, राज्य शिक्षा संस्थान, अध्यापक प्रशिक्षण कालेजों और अध्यापक प्रशिक्षण स्कूलों को दिए गए। शैक्षणिक सामग्री, कागज, प्रयोगशाला उपकरण इत्यादि के वितरण का राज्य-वार ब्यौरा संलग्निका (अनुबंध) में दिया हुआ है।

(2) सामाजिक विज्ञान तथा मान विकी की शिक्षा में सुधार

2.01 साधन व्यक्तियों को राज्य शैक्षिक पद्धति में पाठ्यक्रम विकास और सामाजिक तथा मानव विज्ञानों में सुधार के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए तीन कर्मशालाओं का—हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और केरल प्रत्येक में एक-एक—आयोजन किया गया। 150 व्यक्तियों ने कर्मशालाओं में भाग लिया। हरियाणा में साधन

व्यक्तियों को मिडिल स्कूल स्तर के लिए हिन्दी, नागरिक शास्त्र, भूगोल और इतिहास पाठ्यक्रमों को सुधारने और संशोधित करने में प्रशिक्षित किया गया, हिमाचल प्रदेश में प्रशिक्षण प्राथमिक स्कूल स्तर के हिन्दी और सामाजिक विज्ञान पाठ्यक्रमों को सुधारने से संबंधित था; और केरल में हाई स्कूल स्तर के हिन्दी, संस्कृत, मलयालम, इतिहास, भूगोल नागरिक शास्त्र और अर्थशास्त्र पाठ्यक्रमों को सुधारने के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

2.02. परिषद् ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन के मिडिल स्कूल स्तर के अध्यापकों के लिए सामाजिक विज्ञान में ग्रीष्मकालीन संस्थान आयोजित करने में सहायता दी। अध्यापकों को परिषद् द्वारा प्रस्तुत सामाजिक विज्ञान, इतिहास, भूगोल, और नागरिक शास्त्र की पाठ्यपुस्तकों को प्रभावपूर्ण ढंग से प्रयोग करने में अनुस्थापित किया गया।

परिषद् की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों को प्रभावपूर्ण ढंग से प्रयोग करने के लिए दिल्ली नगर निगम के हैडमास्टरों और पर्यवेक्षक स्टाफ के लिए अभिविन्यास में उसकी सहायता की गई।

2.03. प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं के अध्यापक प्रशिक्षकों और राज्य शिक्षा संस्थानों के अधिकारियों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम के आयोजन में राज्य शिक्षा विभागों की सहायता की गई। अभिविन्यास कार्यक्रम राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, हैदराबाद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भाग लेने वालों को परिषद् द्वारा सामाजिक विज्ञान में विकसित सेवा-पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम से अवगत कराना था ताकि राज्यों में सामाजिक अध्ययन के संदर्भ में अध्यापक शिक्षा में सुधार किया जा सके।

2.04. संघ राज्यक्षेत्र नेफा के अध्यापक प्रशिक्षकों को प्राथमिक स्तर पर अंग्रेजी को दूसरी भाषा के रूप में पढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

(3) स्कूल पाठ्यक्रम में जनसंख्या शिक्षा को लागू करना

बहुत से राज्यों ने जनसंख्या शिक्षा को अपने स्कूल पाठ्यक्रम में शामिल करने की रजामन्दी भेजी है। प्रतिवेदन वर्ष में परिषद् ने हरियाणा, महाराष्ट्र, केरल, बिहार और राजस्थान राज्य शिक्षा विभागों को जनसंख्या शिक्षा के विचारों को वर्तमान स्कूल पाठ्यक्रमों में शामिल करने में सहायता की है।

(4) परीक्षा सुधार

परिषद् ने मध्य प्रदेश और राजस्थान के माध्यमिक शिक्षा बोर्डों द्वारा साधन व्यक्तियों को विभिन्न विषयों में मूल्यांकन के लिए तैयार करने के लिए आयोजित कर्मशाला में सहयोग दिया। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान को आंतरिक निर्धारण कार्यक्रम के आयोजन में भी सहायता दी गई। परिषद् ने मैसूर

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को प्रश्न-पत्र निर्माताओं के लिए एक कर्मशाला के आयोजन में सहायता दी। गोवा, दमन और दीव सरकार के अनुरोध पर पानाजी में अक्तूबर, 1971 में संघीय प्रशासन के शिक्षा अधिकारियों के लिए एक मूल्यांकन कर्मशाला का आयोजन किया गया। परिषद् ने विभिन्न राज्यों के मूल्यांकन कार्यक्रमों के अधिकारियों के लिए अप्रैल, 1971 में एक सेमिनार का आयोजन किया जिसमें 16 अधिकारियों ने भाग लिया।

(5) राज्यों से प्राप्त पाठ्यपुस्तकों का मूल्यांकन

राज्य पाठ्यपुस्तक ऐजेंसियों और राज्य शिक्षा विभागों से प्राप्त पाठ्यपुस्तकों की पांडुलिपियों की परिषद् ने समीक्षा की। समीक्षा रिपोर्ट संबंधित ऐजेंसियों को भेज दी गई।

(6) पाठ्यपुस्तक निर्माण के बारे में सामग्री बाँटना

परिषद् द्वारा सामान्य विज्ञान, नागरिक शास्त्र और दूसरी भाषा की पाठ्य-पुस्तकों के निर्माण और मूल्यांकन संबंधी आधारभूत सिद्धांतों और प्रक्रियाओं पर तैयार किए गए साहित्य को प्रतिवेदन वर्ष में राज्य पाठ्यपुस्तक ऐजेंसियों को भेजा गया। इसके अलावा एस० आर० ई० टी० (पूरक-पठन मूल्यांकन उपकरण) और इसकी हस्तपुस्तिका के हिन्दी और अंग्रेजी संस्करण छापे गए और विभिन्न राज्यों की पाठ्यपुस्तक ऐजेंसियों को बाँटे गए। निम्नलिखित सामग्रियों की प्रतिलिपियाँ तैयार की गईं और उन्हें देश की संबंधित ऐजेंसियों को भेजा गया :

(1) पुस्तक निर्माण में आधुनिक प्रबंध तकनीकों पर तीन प्रलेख,

(2) पाठ्यपुस्तक पर पठन सामग्री—आठ प्रलेख,

(3) पाठ्य सामग्री की भाँति कुछ शिक्षण इकाइयाँ।

(7) पाठ्यपुस्तक निर्माण और मूल्यांकन पर प्रशिक्षण, विस्तार और परामर्शीय सेवाएँ

मैसूर सरकार के पाठ्यपुस्तक निदेशालय को भूगोल, इतिहास और नागरिक-शास्त्र पाठ्यपुस्तकों के लेखकों तथा मूल्यांककों के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम के आयोजन में परिषद् ने सहायता की। इसके अलावा पाठ्यपुस्तक मूल्यांकन के क्षेत्र में अध्ययन और अनुसंधान कर रही बहुत सी ऐजेंसियों की विचारों और सामग्रियों द्वारा सहायता की।

(8) विज्ञान क्लबों के आयोजन में अध्यापकों का अभिविन्यास

दिल्ली नगर निगम के अनुरोध पर नगर निगम के प्राथमिक स्कूलों के अध्यापकों को विज्ञान क्लबों के आयोजन में अनुस्थापित करने के लिए दो एक-एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। 77 अध्यापकों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

(9) असम के सेकेंडरी स्कूलों के छात्रों के शैक्षणिक विकास के लिए उपलब्ध सुविधाओं का सर्वेक्षण

लोक शिक्षा असम के निदेशालय के दो अफसरों को असम के सेकेंडरी स्कूलों के छात्रों के शैक्षणिक विकास के लिए उपलब्ध सुविधाओं का एक सर्वेक्षण करने में सहायता और मार्गदर्शन किया गया।

(10) स्त्री शिक्षा में सुधार

स्त्री शिक्षा के परिमाणात्मक और गुणात्मक पहलुओं के सुधार करने के लिए प्रतिवेदन वर्ष में परिषद् ने राज्य सरकारों और संघ राज्य प्रशासनों की 10 राज्य स्तरीय सेमिनारों के आयोजन में सहायता की। सेमिनारों की सिफारिशों को संबंधित राज्य कार्यान्वित कर रहे हैं।

(11) प्राथमिक स्कूलों में बरबादी और अवरोध को कम करने के लिए क्रिया कार्यक्रम विकसित करने के लिए कर्मशाला का आयोजन

दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग के अनुरोध पर नगर निगम के प्राथमिक स्कूलों के अध्यापकों के लिए प्राथमिक स्कूलों में बरबादी और अवरोध को कम करने के लिए उपयुक्त क्रिया कार्यक्रमों को विकसित करने में दिशा-निदेशन कार्यक्रम का आयोजन एक तीन-दिवसीय कर्मशाला में किया गया।

(12) स्कूल पूर्व अध्यापकों का सेवा-पूर्व और सेवाकालीन प्रशिक्षण

महाराष्ट्र और गुजरात के अध्यापक शिक्षा बोर्डों को परिषद् द्वारा विकसित स्कूल-पूर्व अध्यापकों के सेवा-पूर्व और सेवा कालीन प्रशिक्षण की सामग्री को प्रयोग करने में सहायता दी गई।

(13) कार्य-अनुभव पर विकास कार्यक्रम

वर्ष 1971-72 में परिषद् ने केन्द्रीय विद्यालयों में कार्य-अनुभव कार्यक्रमों को विकसित और कार्यान्वित करने में केन्द्रीय विद्यालय संगठन को सहयोग दिया।

(14) अश्रेणीय शिक्षण कार्यक्रम का विकास

अहमदाबाद नगर निगम के चुने हुए अध्यापकों और पर्यवेक्षकों को चुने हुए 50 प्राथमिक स्कूलों में अश्रेणीय शिक्षण कार्यक्रम का विकास करने में मार्ग दर्शन और परामर्शीय सेवाएँ प्रदान की गई।

(15) व्यावसायिक परामर्शदाताओं का अभिविन्यास

परिषद् ने दिल्ली प्रशासन को व्यावसायिक परामर्शदाताओं के लिए 200 अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजन करने में सहायता की।

(16) पर्यवेक्षकों का कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रमों में प्रशिक्षण

उड़ीसा के राज्य शिक्षा विभाग के अनुरोध पर परिषद् ने जून, 1971 में पर्यवेक्षकों के लिए कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रमों में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन किया। उड़ीसा के कृषि प्रधान विकसित जिलों से अनेक लोगों ने और बिहार के एक प्रतिनिधि ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

(17) उत्तर प्रदेश में राज्य शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की स्थापना

उत्तर प्रदेश के शिक्षा निदेशक के अनुरोध पर राज्य शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की स्थापना का विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया गया और राज्य सरकार को पेश किया गया।

(18) मैसूर राज्य के हाई स्कूलों के स्नातक अध्यापकों के लिए उद्यान-कृषि में सेवा कालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

मैसूर सरकार के लोक-शिक्षा विभाग के सुझाव पर मैसूर राज्य के हाई स्कूलों के स्नातक अध्यापकों के लिए उद्यान-कृषि में दो महीने की अवधि के तीन पाठ्यक्रमों का आयोजन किया गया। सब मिलाकर 79 अध्यापकों ने इन पाठ्यक्रमों में भाग लिया। फल तथा सब्जी की बागबानी, अलंकारिक बागबानी और पात्र-कृषि में व्यावहारिक प्रशिक्षण इन पाठ्यक्रमों में दिया गया।

(19) मैसूर राज्य के प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं के कला के अध्यापकों के लिए सेवा कालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम

मैसूर सरकार के लोक-शिक्षा विभाग के अनुरोध पर मैसूर राज्य के प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षण संस्थाओं के कला के अध्यापकों के लिए दो सप्ताह के सेवा कालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 21 अक्तूबर से 3 नवम्बर 1971 तक किया गया। 24 अध्यापक प्रशिक्षकों ने इस पाठ्यक्रम में भाग लिया। कला और चित्रकारी के साथ-साथ विभिन्न माध्यमों जैसे मिट्टी का काम, प्लास्टर आफ पैरिस, वैक्स इत्यादि में भी प्रशिक्षण दिया गया।

(20) मैसूर राज्य के प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए कार्य-अनुभव में सेवा कालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

मैसूर सरकार के लोक-शिक्षा विभाग के अनुरोध पर मैसूर राज्य के प्राथमिक अध्यापक प्रशिक्षकों के लिए दो थोड़ी अवधि के कार्य-अनुभव प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का आयोजन 25 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक और 8 से 17 दिसम्बर 1971, तक किया गया। पहले और दूसरे पाठ्यक्रमों में क्रमशः 46 और 34 अध्यापक प्रशिक्षकों ने भाग लिया। भाग लेने वालों को उद्यान-कृषि कला के अंतर्गत फल तथा सब्जी की बागबानी, अलंकारिक बागबानी और पात्र-कृषि में और तकनीकी कला

के अंतर्गत लकड़ी के कार्य में धातु की चादरों के कार्य में प्रशिक्षण दिया गया।

(21) भौतिकी में माध्यमिक स्कूल पाठ्यक्रम का प्रारूपण

महाराष्ट्र राज्य के अध्यापक प्रशिक्षण को भौतिकी में माध्यमिक स्कूल पाठ्यक्रम के प्रारूपण के संबंध में दसदिवसीय कार्यक्रम आयोजित करने में पूना के राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान को सहायता दी गई।

(22) कार्यक्षेत्रीय संबंधों द्वारा राज्यों के बीच सम्पर्क

राज्यों में परिषद् के कार्यक्षेत्रीय सलाहकारों ने प्रतिवेदन वर्ष के दौरान अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत जितने भी अधिक से अधिक विस्तार सेवा-केन्द्रों का निरीक्षण वे कर सकते थे उतनों का किया और उनकी प्रशासनिक तथा अकादमिक समस्यों के हल के लिए अपेक्षित सहायता दी। कार्यक्षेत्रीय सलाहकारों ने राज्य अधिकारियों को परिषद् के एन० आई० ई० के विभिन्न विभागों और क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालयों में चालू कार्यक्रमों से अवगत कराया। विशेष रूप से उन्होंने विज्ञान शिक्षण की यूनेस्को-यूनीसेफ सहायता प्राप्त मार्गदर्शी परियोजना के कार्यान्वियन में राज्य सरकारों की सहायता की।

प्रतिवेदन वर्ष की मुख्य समस्या राज्य सरकारों और केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों द्वारा विस्तार सेवा केन्द्रों का कार्यभार संभालना था। परिषद् के कार्यक्षेत्रीय सलाह-कारों ने संबंधित राज्यों के शिक्षा विभाग के अधिकारियों से अपने निजी संबंधों के आधार पर समस्याओं को सुलझाने का भरसक प्रयत्न किया।

इस संपर्क के मुख्य कार्यकलाप में परिषद् के कार्यक्षेत्रीय सलाहकारों द्वारा राज्य स्तरीय सम्मेलनों का आयोजन था। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू तथा कश्मीर और चंडीगढ़ के कार्यक्षेत्रीय सलाहकारों ने ऐसे सम्मेलनों का आयोजन किया। इन सम्मेलनों में शिक्षा मन्त्रियों, शिक्षा सचिवों, लोक-शिक्षा निदेशकों/शिक्षा निदेशकों, प्रशिक्षण कालेजों के प्रिन्सिपलों, राज्य शिक्षा संस्थानों के निदेशकों, राज्य विज्ञान शिक्षा के निदेशकों, अध्यापक प्रशिक्षण स्कूलों के प्रिन्सिपलों और राज्य मूल्यांकन एककों और मार्गदर्शी ब्यूरो के अध्यक्षों ने भाग लिया। ये सम्मेलन बहुत लाभदायक सिद्ध हुए और इन्होंने राज्य शिक्षा अधिकारियों को विस्तार कार्य को राज्यीय स्तर पर फिर से समझने और एन० सी० ई० आर० टी० से कार्य-संपर्क रखने में सहायता की। कार्यक्षेत्रीय सलाहकार (त्रिवेंद्रम) ने राज्य स्तरीय सम्मेलन में केरल के माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, विद्यालयों के पर्यवेक्षकों और जिला शिक्षा अधिकारियों को शिक्षा में आधुनिक प्रवृत्तियों और कक्षाओं में उपस्थित होने वाली समस्याओं के बारे में अनुसंधान को प्रोत्साहित करने में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की भूमिका के बारे में अवगत कराया। इसके अलावा विस्तार सेवा-केन्द्रों के अवैतनिक निदेशकों और समन्वय-अधिकारियों के वार्षिक सम्मेलनों का आयोजन कार्यक्षेत्रीय सलाहकारों ने अपने संबंधित राज्यों में किया।

अनुबंध

विज्ञान शिक्षण की यूनेस्को-यूनीसेफ सहायता प्राप्त मार्गदर्शी परियोजना के अंतर्गत प्राथमिक विज्ञान और मिडिल स्कूल स्तर के किटों, पुस्तकों, कागज और प्रयोगशाला उपकरण का राज्यवार वितरण (1971-72)

क्र० सं०	राज्य	स्कूलों की संख्या		दिए गए किटों की संख्या						कुल जोड़	दी गई पुस्तकें		दिया गया कागज (रिमों में)	प्रशिक्षण संस्थाओं को दिए गए प्रयोगशाला उपकरण			
		प्रा०	मि०	प्रा०	भौ०	भौ०	जीव०	जीव०	रसा०		प्रा०	मि०		राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान	राज्य शिक्षा संस्थान	अध्यापक प्रशिक्षण कालेज	अध्यापक प्रशिक्षण स्कूल
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)	(14)	(15)	(16)	(17)	(18)
1.	आंध्र प्रदेश	50	30	51	35	31	33	31	31	212	—	—	—	1	1	7	91

2.	असम	50	30	—	—	1	—	1	1	3	—	—	—	—	1	6	21
3.	बिहार	50	30	51	35	31	35	31	31	214	—	6,000	—	1	1	6	27
4.	गुजरात	50	30	50	31	31	30	31	31	204	—	—	6,748	1	1	24	63
5.	हरियाणा	50	30	51	31	31	31	31	31	206	1,500	4,200	—	1	1	5	8
6.	हिमाचल प्रदेश	25	10	26	11	12	11	12	12	84	1,500	850	—	—	—	2	2
7.	जम्मू और कश्मीर	40	30	40	40	1	40	1	1	123	—	—	—	1	1	1	6
8.	केरल	50	30	51	30	31	32	31	31	205	—	—	25,510	1	1	10	26
9.	मध्य प्रदेश	50	30	51	31	31	31	31	31	206	3,000	28,300	17,496	1	1	5	8
10.	महाराष्ट्र	45	30	46	47	45	46	45	45	274	—	—	13,898	1	1	7	19
11.	मणिपुर	—	—	—	1	—	—	—	—	1	—	—	—	—	—	1	1
12.	मैसूर	50	30	50	30	31	31	31	31	204	—	—	—	1	1	3	11
13.	नागालैंड	30	30	31	31	31*	31	31*	31*	186	1,650*	10,200*	—	—	—	—	3
14.	उड़ीसा	50	30	51	31	1	31	1	1	116	—	—	17,204	—	1	4	21

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)	(12)	(13)	(14)	(15)	(16)	(17)	(18)
15.	पंजाब	50	30	52	32	31	32	31	31	209	—	—	2,200	1	1	11	8
16.	राजस्थान	50	30	51	33	31	31	31	31	208	4,500	17,500	—	1	1	3	9
17.	तमिल नाडु	50	30	51	31	32	31	32	32	210	—	—	3,720	1	1	10	39
18.	त्रिपुरा	20	10	20	10	1	10	1	1	43	—	—	606	—	—	1	1
19.	उत्तर प्रदेश	50	30	51	32	31	31	31	31	207	2,800	12,500	14,000	1	1	9	54
20.	पश्चिमी बंगाल	—	—	51	31	1	31	1	1	116	—	—	—	1	1	1	1
21.	अंडमान निकोबार द्वीप समूह	20	10	1	1	—	1	—	—	3	—	—	—	—	—	—	—
22.	नेफा	13	13	13	13	—	13	—	—	39	—	—	—	—	—	—	1
23.	दिल्ली	50	सब	50	—	—	—	—	—	50	1,700	—	4,600	1	1	3	1
24.	गोवा, दमन और दीव	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	1

25.	लक्कादीव	—	—	1	—	—	1	—	—	2	—	—	—	—	—	—	1
26.	पाँडेचेरी	50	30	50	30	30	—	—	—	110	300	—	—	=	—	—	1
27.	मेघालय	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
28.	दादरा ग्रौर नगर हवेली	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
29.	मीजोराम	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—

*सप्लाई की जाने वाली संख्या सम्मिलित है।

संक्षेपण :— प्रा० —प्राथमिक   भौ०—भौतिकी   जीव०—जीव विज्ञान

मि० —मिडिल   रसा०—रसायन विज्ञान

परिशिष्ट 19

शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय के साथ सहयोग

(1971-72)

प्रतिवेदन वर्ष में परिषद्, शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय के काम से सक्रिय रूप से संबद्ध रही। ऐसे सभी कार्यों में परिषद् के योगदान की संक्षिप्त रिपोर्ट नीचे दी जा रही है।

1. राष्ट्रीय स्कूल पाठ्यपुस्तक बोर्ड

पाठ्यपुस्तकों के उत्पादन और उनमें सुधार करने के लिए राष्ट्रीय और राज्यस्तर के संगठनों के कार्यों में समन्वय करने और उनका मार्गदर्शन करने के लिए भारत सरकार ने दिसंबर 1968 में राष्ट्रीय पाठ्यपुस्तक बोर्ड की स्थापना की थी। प्रतिवेदन वर्ष में परिषद् के पाठ्यपुस्तक विभाग ने जिसकी रचना जून 1969 में की गई थी, इस राष्ट्रीय बोर्ड के अकादमिक सचिवालय के रूप में सेवा जारी रखी। अप्रैल 1969 और मई 1970 में क्रमशः हुई बोर्ड की पहली और दूसरी बैठकों की सिफारिशों पर अमल करने का कार्य 1971-72 में किया गया। प्रतिवेदन वर्ष में बोर्ड की कोई बैठक न हो सकी।

2. शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय से मिली पाठ्यपुस्तकों का मूल्यांकन

शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय से मिली बहुत-सी पाठ्यपुस्तकों की, परिषद् के अधिकारियों ने विवादास्पद विषय वस्तु के संदर्भ में जाँच की। इन पुस्तकों से संबंधित मूल्यांकन रिपोर्टें मंत्रालय को भेज दी गईं।

3. व्यापक शैक्षिक जिला विकास परियोजना (आई० ई० डी० डी० पी०)

परिषद् ने अभियान परियोजनाओं के ब्यौरे तैयार करने, अध्ययन तथा सर्वेक्षणों के अभिकल्प तैयार करने, जिला परियोजना रिपोर्टें तैयार करने और जिला परियोजना स्टाफ को प्रशिक्षण देने में शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय की तकनीकी सहायता की।

4. पाठ्यपुस्तक मूल्यांकन का प्रचंड कार्यक्रम

1970-71 में शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय ने परिषद को यह

जिम्मेदारी सौंपी कि वह राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाने वाली सामग्री का पता लगाने की दृष्टि से स्कूल पाठ्यपुस्तकों का मूल्यांकन करने का एक प्रचंड कार्यक्रम चलाए। प्रतिवेदन वर्ष में निम्नलिखित राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के स्कूलों में निर्धारित पाठ्यपुस्तकों का मूल्यांकन किया गया :

(1) बिहार
(2) उड़ीसा
(3) पंजाब
(4) पश्चिम बंगाल
(5) दिल्ली
(6) आंध्र प्रदेश
(7) मध्य प्रदेश

विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को इन राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों द्वारा विचार करने के लिए भेज दिया गया।

5. जिला शिक्षा अधिकारियों इत्यादि के लिए दिशा-निवेशन सम्मेलन

परिषद् ने शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय के सहयोग से पूर्वी क्षेत्र के जिला शिक्षा अधिकारियों/स्कूल निरीक्षकों और राज्य शिक्षा संस्थानों के निदेशकों के लिए एक दिशा-निदेशन सम्मेलन 29 अक्तूबर से 1 नवम्बर 1971 तक भुवनेश्वर क्षेत्रीय शिक्षा महाविद्यालय में आयोजित किया। बिहार, उड़ीसा, नागालैंड और पश्चिम बंगाल राज्यों से 38 अधिकारियों ने भाग लिए। सम्मेलन में शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय, एन० सी० ई० आर० टी०, ऐशियन इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशनल प्लानिंग एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन, नई दिल्ली, केन्द्रीय विद्यालय संगठन और इंडियन नेशनल साइंस एकाडमी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य राज्य में परीक्षित की जा रही नूतन पद्धतियों के संबंध में विचारों का आदान-प्रदान करना और इन पद्धतियों को संबंधित राज्यों में स्वीकृति/अनुकूलता के लिए ठोस कार्यक्रम सुझाना था।

6. बाल साहित्य के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रतियोगिता

बाल साहित्य के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रतियोगिता जो पहले शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित की जाती थी, वर्ष 1970-71 से कार्यान्वियन के लिए परिषद् को सौंप दी गई। 1971-72 में परिषद् द्वारा 16वीं राष्ट्रीय पुरस्कार प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए कार्यवाही की गई। इस प्रतियोगिता के लिए सब मिलाकर 225 रचनाएँ विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में प्राप्त हुई जिनमें से 13 को पुरस्कार के लिए चुना गया। इनमें से दो हिन्दी, एक-एक कन्नड़, बंगला, असमिया, उर्दू, मराठी, गुजराती, तमिल, सिंधी, उड़िया, तेलुगू और मलयालम भाषाओं में थीं। प्रतिवेदन वर्ष में 17वीं प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए कार्यवाही की गई और देश के सभी प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर प्रतियोगिता के लिए रचनाएँ आमंत्रित की गईं। इसके अलावा बाल साहित्य के

उत्पादन की मात्रा और श्रेष्ठता पर पड़े इस योजना के प्रभाव के मूल्यांकन के लिए अध्ययन किया गया। इस अध्ययन की रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया गया। इस अध्ययन के निष्कर्षों के आधार पर इस योजना को और अधिक प्रभावपूर्ण बनाने के लिए इसे संशोधित करने का प्रस्ताव है।

7. ग्राम प्रतिभा खोज कार्यक्रम

परिषद् ने शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय को सेकेंड्री स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशील बच्चों के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना को कार्यान्वित करने में सहयोग दिया। इस योजना के अंतर्गत विशेष रूप से आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर कक्षा 7 या 8 में से प्रत्येक सामुदायिक विकास खंड से दो बच्चों को छात्रवृत्ति दी जाती है। प्रत्येक छात्रवृत्ति का मूल्य दिन के छात्रों के लिए 500 रुपए प्रति वर्ष और मान्य होस्टलों या चुने हुए विशेष परिवारों के साथ रहने वाले छात्रों के लिए 1000 रुपए प्रति वर्ष है। छात्र द्वारा संतोषजनक उन्नति करने पर यह छात्रवृत्ति सेकेंड्री स्तर तक दो से चार वर्ष तक चालू रहेगी। इस योजना का प्रशासकीय दायित्व शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय पर है। मंत्रालय इस योजना को राज्य सरकारों के सहयोग से कार्यान्वित करेगा। परिषद् को राज्यों को अकादमिक मार्गदर्शन उपलब्ध करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस जिम्मेदारी को संभालने के लिए परिषद् में एक विशेष एकक की स्थापना का प्रस्ताव है। इस प्रस्तावित एकक की स्थापना होने तक परिषद् ने प्रतिवेदन वर्ष में तदर्थ प्रबंध से राज्यों का मार्गदर्शन किया। परिषद् के परीक्षा सुधार कार्यक्रम के कार्यान्वयन के द्वारा प्राप्त अनुभव के आधार पर तदर्थ प्रबंध किया गया था।

8. राष्ट्रीय एकता परियोजना

1970-71 में शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय ने परिषद् को, विद्यार्थियों और अध्यापकों तथा केवल अध्यापकों के अंतर-राज्य शिविरों के आयोजन, कुछ चुने हुए स्कूलों में "हमारा भारत परियोजना" चलाने, तथा विद्यार्थियों और अध्यापकों के लिए विषयानुकूल उपयुक्त सामग्री तैयार करके उसका उत्पादन करने के विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों के द्वारा विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता पैदा करने का काम सौंपा। इस परियोजना के अधीन 1971-72 में किए गए कार्य की रिपोर्ट परिशिष्ट 7 में दी जा चुकी है।

9. जनसंख्या शिक्षा

